आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 131 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जयपुर, गुरूवार, 12 फरवरी, 2026 | www.Lokvarta.net

**2 घंटे 54 मिनट के भाषण में दीया ने किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं**

**बजट 2026-27**

# राहत और तोहफे का खुला पिटारा



**दिया कुमारी ने पेश किया बजट**

**ऊर्जा, पानी, महिला, युवा पर रहा फोकस**

**इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी, 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा,अरावली बचाने के लिए 130 करोड़ खर्च होंगे**

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार (11 फरवरी) को लगातार तीसरा फुल बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं।

उन्होंने कहा– 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाई जाएगी। परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी का भी बजट में ऐलान किया। सरकार स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा भी देगी। असहाय, विमंदित, लावारिस मरीजों को अब फ्री इलाज मिलेगा। बजट में मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख किया है। वित्त मंत्री ने कहा– सरकारी कर्मचारी की मौत पर उसकी पुत्रवधू को भी अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी। साथ ही कर्मचारी के सरकारी नौकरी में रहते समय स्थायी दिव्यांग हो जाती है और वह नौकरी करने में असमर्थ है तो आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। जलदाय विभाग में 3 हजार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। साथ ही नई जल नीति लाने का भी ऐलान किया गया। करीब 6500 गांवों को हर घर नल हर घर जल योजना से जोड़ा जाएगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा। अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी। झींगा पालने वाले किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।

## 6.11 लाख करोड़ का बजट

इस बार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ का बजट पेश किया है। पिछली बार बजट का साइज 5 लाख 58 हजार 596 करोड़ था। इस बार बजट का साइज पिछली बार से 52 हजार 360 करोड़ ज्यादा है।

## कृषि बजट में बढ़ोतरी

दीया कुमारी ने कहा- कृषि बजट में 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ का प्रावधान किया है। इसमें 69 हजार करोड़ समेकित निधि से खर्च होंगे। यह पिछले साल से 7.59 प्रतिशत ज्यादा है। कृषि बजट जीएसडीपी का 5.55 प्रतिशत है।

## गाड़ियों पर लगेगा कम टैक्स

- दीया ने कहा- सरकार ने कर्ज दस्तावेजों पर पंजीयन दर 1 प्रतिशत से घटाकर 0.5 प्रतिशत कर दिया है।
- बजट में अन्य राज्यों से लाए गए वाहनों पर टैक्स में कमी की गई है।
- अब सरकारी भवनों के निर्माण में 50 प्रतिशत तक एम सैंड का इस्तेमाल होगा, इसे 25 फीसदी से बढ़ाते हुए 50 प्रतिशत किया गया।
- वैट, भूमि कर, खनन, परिवहन से जुड़े बकाया टैक्सों के लिए एमनेस्टी स्कीम्स लाई जाएगी।
- 250 ईवी चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे, 60 नए सीएनजी स्टेशन खुलेंगे।
- लॉजिस्टिक सेंटर्स को भी अब रिप्स-2024 का लाभ मिलेंगे, कस्टमाइज पैकेज और छूट मिलेंगी।

## किसानों को ब्याज मुक्त ऋण

- 35 लाख किसानों को 25 हजार करोड़ के ब्याज मुक्त फसली कर्ज दिए जाएंगे।
- इसके लिए 800 करोड़ ब्याज अनुदान पर खर्च किए जाएंगे। सहकारी बैंकों से किसानों को दीर्घकालीन कृषि कर्ज पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा।
- 5 लाख पशुपालकों को दूध पर बोनस पर 700 करोड़ का अनुदान मिलेगा।
- यूपी, गुजरात, एमपी सहित कई राज्यों में सरस के आउटलेट खोले जाएंगे।
- हर पंचायत स्तर पर नमो वन विकसित होंगे, नमो नर्सरी खोली जाएंगी।

## किसानों को मिलेगी सस्ती बिजली

- बजट में किसानों के लिए भी कई घोषणाएं की गई हैं। वित्त मंत्री ने कहा - शेखावाटी तक हथनी कुंड से यमुना का पानी लाने के लिए 32 हजार करोड़ की परियोजना का काम जल्द शुरू होगा।
- बीसलपुर के दायीं मुख्य नहर के 5000 हेक्टेयर के कमांड एरिया में 100 करोड़ की लागत से फव्वारा सिंचाई प्रणाली का लाभ मिलेगा।
- अगले साल 50 हजार सोलर पंप लगाए जाएंगे, 1500 करोड़ खर्च होंगे। किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर 160 करोड़ का अनुदान मिलेगा।
- 8000 डिग्गियों का निर्माण होगा। 36 हजार नए फार्म पॉन्ड बनाने के लिए अनुदान मिलेगा, 80 हजार से ज्यादा किसानों को फायदा होगा।
- 50 हजार किसानों को तारंबदी के लिए 288 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए घोषणा

- 8 नए जिलों, नई पंचायत समितियों में सरकार दफ्तर बनाने, 3467 नई ग्राम पंचायतों में विकास कामों के लिए 3000 करोड़ की लागत से विकास के काम होंगे।
- ग्रामदानी गांवों के किसानों को खातेदारी अधिकार मिलेंगे,अब तक ग्रामदानी गांवों के किसानों को खातेदारी अधिकार नहीं हैं।
- मुख्य सचिव दफ्तर में डिरेगुलेशन सेल भी बनाई जाएगी। डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर खोला जाएगा।
- शहरों में होमगार्ड की नफरी 5000 तक बढ़ाई जाएगी, इससे होमगार्ड को ज्यादा काम मिलेगा।
- उपनिवेशन विभाग खत्म होगा, उपनिवेशन विभाग का राजस्व विभाग में विलय होगा।
- गृह विभाग का रिवॉल्विंग फंड बढ़कर 7 करोड़ किया जाएगा।




## 4 जिलों में नए एयरपोर्ट की प्लानिंग

- बजट में जैसलमेर के खुड़ी में अल्ट्रा लग्जरी टूरिज्म जोन और कुलधरा में पर्यटन केंद्र शुरू करने की घोषणा की गई है।
- थार सांस्कृतिक सर्किट बनाया जाएगा, इसमें पश्चिमी रेगिस्तानी जिले शामिल होंगे।
- दीया कुमारी ने बजट में भरतपुर में बृज कन्वेंशन सेंटर, झुंझुनूं में वॉर म्यूजियम की भी घोषणा की।
- उन्होंने कहा कि 50 हजार बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी।
- मंदिरों में विशेष पूजा के लिए 13 करोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देवस्थान विभाग की धर्मशालाओं की मरम्मत होगी।
- देवस्थान की जमीनों पर बीओटी आधार पर धर्मशालाएं बनेंगी।

## गंभीर मरीजों के इलाज के लिए नई योजना

- गंभीर मरीजों और एक्सीडेंट के मामलों में तत्काल इलाज के लिए राज सुरक्षा के नाम से नई योजना शुरू की जाएगी।
- एक्सीडेंट में तत्काल इलाज के लिए हाईवे पर रेस्ट सेंटर्स पर एंबुलेंस तैनात की जाएगी।
- आत्महत्याएं रोकने और मानसिक स्वास्थ्य पर राज ममता के नाम से नया प्रोग्राम शुरू होगा।
- एसएमएस में मेंटल हेल्थ पर नया सेंटर खुलेगा। जिला अस्पतालों में मेंटल हेल्थ केयर सेंटर खुलेंगे।
- कॉलेजों में मेंटल हेल्थ और काउंसलिंग के लिए काउंसलर जाएंगे। हर ग्राम पंचायत में आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।

## ड्रोन के लिए नई पॉलिसी लाएगी सरकार

- गवर्नेंस सेक्टर में भी दीया कुमारी ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा– 25 हजार महिलाओं और युवाओं को मिनी ई मित्र के तौर पर अधिकृत किया जाएगा।
- नई आईटी पॉलिसी भी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि– सीएम प्रमाण सेंटर की स्थापना होगी। नीति आयोग की तर्ज पर बने रीती पर अगले साल 10 करोड़ खर्च होंगे।
- राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 लाया जाएगा। सरकारी नई ड्रोन पॉलिसी भी बनाएगी।
- सरकारी जमीनों के डिजिटल रिकॉर्ड बनाने और रीयल टाइम मॉनिटरिंग के लिए मरुधरा राज भूमि डिजिटल एड्रेस बनाया जाएगा।

## पानी की समस्या से निपटने के नए ऐलान

गर्मी में पर्याप्त पेयजल के लिए 600 ट्यूबवेल लगेंगे। समर कंटिजेंसी के लिए हर कलेक्टर को 1-1 करोड़ मिलेंगे। 10 करोड़ की लागत से पानी पद जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलेगा। वाटर एफिसिएंसी पर पायलट प्रोजेक्ट। मोबाइल वाटर टेस्टिंग लैब शुरू होगा। राजस्थान की नई जल नीति लाई जाएगी। जलदाय विभाग में 3000 संविदा तकनीकी कर्मचारियों के पदों पर भर्ती होंगी करीब 2300 करोड़ की लागत से शहरों में पेयजल की सुविधाएं विकसित होंगी। अगले साल 3 लाख नए पेयजल कनेक्शन दिए।

## 50 हजार युवाओं को होगा फायदा



दीया कुमारी ने कहा कि- सीएम स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख तक ब्याज फ्री कर्ज,अनुदान दिया जाएगा। इससे 30 हजार युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर प्रदेश में राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना होगी। इसमें ऑनलाइन टेस्ट सुविधा सहित परीक्षाओं के आयोजन की सुविधा होगी। कॉलेज स्टूडेंट के लिए ड्रीम प्रोग्राम चलाया जाएगा, अगले साल 50 हजार छात्रों को इसका फायदा दिया जाएगा। राज सवेरा के नाम से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

## इन जिलों में खुलेंगे 15 नए कोर्ट



राजस्थान बजट 2026 में प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था को मजबूत और सुलभ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। सरकार ने कानून व्यवस्था के साथ-साथ न्यायिक तंत्र के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। धोरीमन्ना (बाड़मेर), नीमराणा (कोटपूतली-बहरोड़), इटावा (कोटा), तारानगर (चूरू) और खाटूश्याम (सीकर) में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय खोले जाएंगे। इससे इन इलाकों के लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## प्रदेश के कई जिलों में बनेंगे स्टेडियम



प्रदेश के ब्यावर, कोटपूतली- बहरोड़, बासवाड़ा, डीग, चित्तौड़गढ़, जालोर, राजसमंद, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सीकर और बारां में नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। जयपुर चित्रकूट स्टेडियम और ब्यावर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में विकास कार्य होंगे। इसके साथ ही कई पुराने स्टेडियमों का पुनर्विकास भी किया जाएगा। ग्रामीण युवाओं के लिए सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। 2500 से अधिक ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से ओपन जिम और खेल मैदान बनाए जाएंगे। इससे गांव के नौजवानों को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय, जयपुर में 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। खेलो राजस्थान यूथ गेम्स के लिए अगले साल 50 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

*बजट आया प्रदेश का, उम्मीदे थी इससे बहुत ज्यादा*
*बातें ज्यादा रह गई इसमें, मिला उम्मीद से भी आधा*
*आंकड़ों का यह मायाजाल, समझ में आती आधी बात*
*जनता को मुर्ख बनाते, घोषणा अधूरी पर कर की पूरी घात*

**....मुखिया जी**

**राज्य बजट 2026-27 पर मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित : राज्य बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति हमारे कर्तव्यों का दस्तावेज**

# प्रदेश का समग्र एवं सतत विकास होगा सुनिश्चित : भजनलाल

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 राजस्थान के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरा उतरने और सबका साथ सबका विकास के तीन कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए बनाया गया है। यह बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति हमारे कर्तव्यों का दस्तावेज है।

बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी द्वारा राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के दिन आया यह बजट महिला, युवा, मजदूर, वंचित, किसान सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट में आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण सहित बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे राजस्थान विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये है, जो वर्ष 2023-24 के बजट की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।




## 10 स्तम्भों पर आधारित हमारा बजट

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनता से किए गए वादों को तेजी से पूरा कर रही है। राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में 1441 बजट घोषणाएं की थी, जिनमें से 1246 घोषणाओं (86 प्रतिशत) और वर्ष 2024-25 के बजट की 1277 घोषणाओं में से 1188 घोषणाओं (93 प्रतिशत) की क्रियान्विति की गई है। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 अवसंरचना का विस्तार, नागरिक सुविधाओं से गुणवत्तायुक्त जीवन स्तर में वृद्धि, औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तिकरण, सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, पर्यटन, कला एवं सांस्कृतिक धरोहर, सुशासन एवं डिजिटल परिवर्तन, कृषि विकास एवं किसानों का कल्याण, हरित विकास एवं पर्यावरणीय सततता और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मजबूत स्तम्भों पर आधारित है।

## परीक्षाओं में पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए बजट में राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से परीक्षाओं का आयोजन पारदर्शी तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को निरंतर रोजगार प्रदान कर रही है। 5 साल में 4 लाख नौकरियों के संकल्प को पूरा करने के क्रम में अब तक 1 लाख से अधिक को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी है। 1 लाख 54 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख का भर्ती कैलेण्डर जारी किया है। वहीं, निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

## वीबी जी राम जी में 4 हजार करोड़ का प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 76 लाख किसानों के खातों में 10 हजार 900 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी की गई है। यमुना जल को शेखावाटी क्षेत्र तक लाने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के कार्य शुरू होंगे। रामजल सेतु लिंक परियोजना में 26 हजार करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।


## जिला स्तर पर खुलेंगे रूरल महिला बीपीओ

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर रूरल महिला बीपीओ, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण सीमा 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तथा लखपति दीदी योजना में ऋण को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख आदि प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण में सहायक होंगे।

CMYK

# यातायात नियमों की जानकारी को लेकर व्याख्यान माला का आयोजन

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमवा रामगढ़ में बुधवार दिनांक 11 फरवरी को विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने हेतु एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य महिला नीति के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रो शिव कुमार मीणा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से सही प्रशिक्षण लेकर तथा नियमों का ध्यान रखते हुए वाहन चलाने को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मांगी लाल मीणा ने अपने संबोधन में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होते हैं तथा निर्धारित शुल्क जमा करना होता है। इसके पश्चात लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर लर्निंग लाइसेंस जारी किया जाता है। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद ड्राइविंग टेस्ट देकर स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय सत्र में अपने व्याख्यान में राम लाल मीणा ने सड़क सुरक्षा नियमों पर विशेष जानकारी दी। वक्ता ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, शराब पीकर वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया। अंत में प्रो शेहमा खान ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो शेहमा खान ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सु पूजा रोनीजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय



सदस्य प्रोफेसर सुशीला मीणा, प्रोफेसर नीलम, राजेंद्र प्रसाद मीणा,डा अनुजा तिवारी, संदीप कुमार मीणा व अन्य संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्पेशल टीम द्वारा डिग्गी थाना क्षेत्र के लावा ग्राम पंचायत ईलाके में छापामार कार्यवाही करते हुए एक मोटर साईकिल पर दो व्यक्तियों के कब्जे से करीबन 50 हजार रूपये कीमत का करीबन 3.5 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा व खरीद फरोख्त की राशि 5 हजार 780 रूपये तथा एक ईलेक्ट्रोनिक कांटा को जप्त किया। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि गठित टीम में हैड कानि. शरीफ मो., कानि. शिवपाल, साजिद, रुकमकेश, राधाकिशन, रामराज द्वारा विक्रान्त द्वारा डिग्गी थाना क्षेत्र के लावा ग्राम पंचायत ईलाके में सांयकाल में छापामार कार्यवाही करते हुए एक मोटर साईकिल पर दो व्यक्ति रतनलाल पुत्र मोहनलाल (43) गुर्जर निवासी मस्जिद के पास लावा पुलिस थाना डिग्गी एवं रतनलाल पुत्र मन्नालाल (59) प्रजापत निवासी लावा पुलिस थाना डिग्गी जिला टोंक के कब्जे से करीबन 50 हजार रूपये कीमत का करीबन 3.5 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा व खरीद फरोख्त की राशि 5 हजार 780 रूपये तथा एक ईलेक्ट्रोनिक कांटा जप्त किया, दोनों आरोपी काफी लम्बे समय से लावा में डोडा पोस्त की सप्लाई कर रहे थे। जिसको जिला स्पेशल टीम की इस कार्यवाही से नाकाम किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना डिग्गी पर एनडीपीएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाकर जांच जारी है।

*लोगों का आरोप कर्मचारी केवल कलेक्टर निवास के सामने तक ही सफाई करते हैं*

# कलेक्टर आवास के पीछे जोहड़ बना मुसीबत, दुर्गंध से लोग बेहाल बीमारियों का खतरा बढ़ा

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर स्वच्छता के दावों की कलेक्टर के सरकारी आवास के ठीक पीछे भरा गंदा पानी का जोहड़ जो जिला मुख्यालय पर स्वच्छता की पोल खोल रहा है। यहां गंदे पानी से भरा जोहड़ और उसके आसपास लगे कचरे के ढेर लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गए हैं। तेज दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोग बेहद परेशान हैं, वहीं मच्छरों और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। एक तरफ नगर परिषद की कचरा संग्रहण गाड़ी रोजाना स्वच्छ भारत का संदेश देकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देती है, दूसरी तरफ हकीकत यह है कि जिला कलेक्टर आवास के ठीक पीछे भरा गंदे पानी का जोहड़ नगर परिषद और जिला प्रशासन के अफसरों को दिखाई ही नहीं दे रहा। सरकारी रिकॉर्ड में जहां एक ओर पूरा शहरी क्षेत्र खुले में शौच मुक्त बताया गया है, लेकिन कलेक्टर आवास के ठीक पीछे बने इसी जोहड़ के आसपास सुबह-शाम लोग खुले में शौच करते हुए साफ नजर आते हैं। वहीं यह हाल सिर्फ कलेक्टर निवास के पीछे तक सीमित नहीं है, बल्कि कई सरकारी कार्यालयों के आसपास भी गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जहां गंदे पानी का जोहड़ भरा है, वहां से चंद कदम की दूरी पर ही नगर परिषद



कार्यालय भी स्थित है। जिला बनने से पहले यह भवन कृषि उपज मंडी सचिव का निवास था। जिला मुख्यालय बनने के बाद से जिला कलेक्टर यहीं ठहरे हुए हैं। मगर अब जिला कलेक्टर किशोर कुमार के तबादले के बाद जिला कलेक्टर का पद रिक्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद के कर्मचारी केवल कलेक्टर निवास के सामने तक ही सफाई करते हैं।

# रणथंभौर दुर्ग क्षेत्र में बाघिन की मूवमेंट से हड़कंप, दो घंटे तक आवाजाही पर लगाई रोक

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित रणथंभौर दुर्ग क्षेत्र में बुधवार को बाघिन की मूवमेंट की सूचना से हड़कंप मच गया। बाघिन के मूवमेंट की सूचना। के बाद एहतियात के तौर पर वन विभाग प्रशासन ने करीब दो घंटे तक श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक लगा दी। जानकारी के अनुसार मूवमेंट बाघिन रिद्धि की बेटी-2504 की बताई जा रही है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बुधवार को रणथंभौर दुर्ग क्षेत्र में बाघिन की गतिविधि नजर आई, जिसकी सूचना वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गणेश मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को बाघिन के मूवमेंट वाले क्षेत्र से दूर किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर बाघिन के रास्ते को पूरी तरह क्लियर कराया गया तथा रणथंभौर दुर्ग के नोलखा गेट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। वन विभाग की निगरानी में बाघिन वापस अपने वन क्षेत्र की ओर लौट गई, जिसके बाद हालात सामान्य हुए। करीब दो घंटे तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बंद रखने के बाद, बाघिन का मूवमेंट जंगल की ओर होने पर दुर्ग क्षेत्र में दोबारा प्रवेश शुरू किया गया। हालांकि इस



दौरान एंट्री प्वाइंट पर श्रद्धालुओं और सैलानियों की भारी भीड़ जमा हो गई। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर रखी गई, जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

## रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अवाप्त निजी भूमि अधिग्रहण के बदले खातेदारों को विकसित भूमि देने के संबंध में विशेष शिविर आज

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** रीको की ओर से अधिग्रहित भूमि के खातेदारों को नकद मुआवजे के एवज में विकसित भूमि के आवंटन करने हेतु औद्योगिक क्षेत्र, रामसरा के लिए अवाप्त भूमि से संबंधित खातेदारों के लिए गुरुवार, 12 फरवरी सवेरे 11 बजे चूरू जिला मुख्यालय पर रोड़ नं. 02, भालेरी रोड़ स्थित रीको इकाई कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक यशपाल सिंह ने बताया कि नई नीति के तहत जिन खातेदारों की भूमि का पूर्व में अधिग्रहण हो चुका है और जिन्होंने अवार्ड के अनुसार मुआवजा राशि अंतिम रूप से प्राप्त नहीं की है एवं अवाप्तशुदा भूमि का कब्जा उनके पास ही है, वे अवाप्त भूमि के बदले विकसित भूमि के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन प्रकरणों में मुआवजा राशि न्यायालय में जमा है एवं कब्जा खातेदारों के पास ही है, वे भी नीति के अनुसार विकसित भूमि हेतु आवेदन कर सकेंगे। नई नीति के अनुसार विकसित भूमि के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 मार्च निर्धारित है। प्रावधानों के अनुसार, पात्र खातेदार भूमि के बदले 20 प्रतिशत आवासीय / औद्योगिक एवं 5 प्रतिशत वाणिज्यिक विकसित भूमि प्राप्त कर सकते हैं। यदि वाणिज्यिक भूमि उपलब्ध नहीं है अथवा खातेदार वाणिज्यिक भूमि नहीं लेना चाहता, तो 30 प्रतिशत आवासीय /औद्योगिक भूमि के लिए आवेदन किया जा सकता है। पात्र प्रकरणों में विकसित भूमि का आवंटन रीको मुख्यालय से निर्णय होने के पश्चात लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उन्होने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले खातेदार द्वारा अपने साथ अवाप्त भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज, पहचान पत्र एवं पूर्व में रीको को दिए गए आवेदन की प्रतियां साथ लाना आवश्यक है।

# देवपुरा में नई मूर्तियों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम देवपुरा में नव-निर्मित ठाकुर जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तीन दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार को भगवान राधा कृष्ण, शिव परिवार एवं हनुमान जी की नई मूर्तियों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान ठाकुर जी मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष रामकल्याण जाट, उपाध्यक्ष राधेश्याम विजय, संयोजक रामस्नेही जाट, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर, भँवरलाल जाट, समिति सदस्य हजारीलाल जाट, कस्तूर चंद गुर्जर, राधाकिशन जाट, लक्ष्मीनारायण गुर्जर, नाथूलाल जाट, हरिराम गुर्जर, राजेंद्र प्रजापत एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बजरिया में पेड़ों की कटाई पर विरोध, कलेक्टर से लगाई गुहार



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के बजरिया क्षेत्र सहित विभिन्न इलाकों में लगातार हो रही पेड़ों की कटाई को लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बजरिया क्षेत्र घनी आबादी वाला इलाका है, जहां पूर्ण विकसित एवं बड़े-बड़े पेड़ों को अवैध रूप से काटा जा रहा है। इससे भविष्य में क्षेत्र का तापमान बढ़ने, प्राकृतिक छाया समाप्त होने और शुद्ध हवा की कमी जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकती हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जब मौके पर जाकर पेड़ कटाई से संबंधित आदेश, स्वीकृति, सड़क की चौड़ाई तथा अन्य तकनीकी जानकारियों के बारे में पूछा गया, तो किसी भी अधिकारी द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके साथ ही पेड़ कटाई के दौरान लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी नहीं किए गए हैं। कटे हुए पेड़ों की लकड़ी कहां ले जाई जा रही है, इसकी भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बजरिया के अलावा सिविल लाइन, मंडी रोड, ट्रक यूनियन सहित अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार हर वर्ष वृक्षारोपण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर पहले से मौजूद पूर्ण विकसित पेड़ों को बिना ठोस कारण काटा जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश भूप्रेमी, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रत्नाकर गोयल, पार्षद राजेश पहाड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश शर्मा, अनवर खान, पंकज शर्मा, राधेश्याम सोनी सहित कई जागरूक नागरिक मौजूद रहे।

# सरिस्का साहित्य संवाद पोस्टर विमोचन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** आगामी 16-17 फरवरी को रिवाज रिसॉर्ट, कंपनी बाग, अलवर में आयोजित होने जा रहे 'सरिस्का साहित्य संवाद' के प्रथम सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव के संदर्भ में आज पोस्टर विमोचन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, उद्देश्य एवं प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की। आयोजकों ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन प्रकृति और साहित्य के समन्वय पर आधारित एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जिसमें साहित्य, संस्कृति और विचारों का समागम होगा। महोत्सव के अंतर्गत डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग, साहित्यिक परिचर्चा—जिनमें 'मीडिया, साहित्य एवं समाज' विषय पर विशेष चर्चा तथा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष विमर्श आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यशालाओं एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य साहित्य को प्रकृति और संस्कृति के माध्यम से समाज के केंद्र में स्थापित करना तथा युवा पीढ़ी को सृजनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करना है। आयोजकों ने बताया कि 17 फरवरी की प्रात: सरिस्का वॉक के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस पदयात्रा में प्रतिभागी सरिस्का क्षेत्र और पांडुपोल हनुमान मंदिर तक प्रकृति के सान्निध्य में भ्रमण करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान आयोजन समिति ने साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से इस महोत्सव में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया तथा मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।




विमोचन समारोह में कपिल शर्मा, नागेन्द्र, नरेन्द्र, विजय यादव, संदीप योगी, सुन्दर पांचाल, प्रभात मिश्रा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज विंडो

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऐचेर में 21 बालिकाओं को मिली निशुल्क साइकिलें



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की नवसृजित ग्राम पंचायत ऐचेर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 21 बालिकाओं को राज्य सरकार की योजना के तहत निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अध्यापक मुकेश वर्मा, रमेश जी, दामोदर जी, प्रसाद वर्मा, बनवारी लाल जी बेरवा, राम प्रसाद जी मीणा एवं रामस्वरूप जी बैरवा सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने बालिकाओं को साइकिल प्रदान करते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बालिकाओं से नियमित अध्ययन कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा करने व एक नाम बार-बार लेने से भगवान शिव हो जाते है प्रसन्न-शचि केसर




**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर टोंक में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में चल रही महाशिवपुराण के बुधवार को कथा वाचक उज्जन की लाडली शचि केसर ने सूत, साध्य साधक, निष्कस तथा संत रूपी, सृष्टि आदि की कथा वर्णन करते हुए बताया कि प्रभू शिव कण-कण में व्याप्त है। प्रभू को कैसे भी जपे, जिसे प्रभू अपने भक्त की भक्ति ताप रखते है। उन्होने कहा कि शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा करने व एक नाम बार नाम लेने से भगवान शिव प्रसन्न हो जाते है। एक बार हर-हर महादेव बोलने से उद्धार होता है। भगवान शिव शक्ल व निष्फल दोनों रूप से प्रकाशित होता है, ओम में सब कुछ समाया है। इस अवसर पर संगीतमय भक्तों श्रद्धालुओं ने खुब आनन्द लिया। इस मौके पर मिथलेश गर्ग, सुनील बंसल, गोपाल जडिया, बाबूलाल जांगिड़, मोहन सोनी, राजू माहुर, किशन विजय, शिवदयाल, राधेश्याम एवं विष्णु गुप्ता आदि महिला-मौजूद थी।

## टोंक ब्लॉक सीएमएचओं डॉ. रमेश चन्द बैरवा ने सम्भाला पदभार, लैब टेक्नीशियन संघ ने किया अभिनन्दन



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** खंड मुख्य चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक टोंक कार्यालय को आखिरकार तीन साल बाद स्थाई पोस्टिंग के तहत डा. रमेश चन्द बैरवा ब्लाक सीएमएचओं के रूप में मिल गये है। बैरवा को आरयूएचएस जयपुर से टोंक ब्लाक में लगाया गया है। इस मौके पर टोंक ब्लॉक लैब टेक्नीशियन संघ की और से बीसीएमओं डॉ. रमेश बैरवा का टीए रामकिशोर बैरवा, लैब टेक्नीशियन सुमित चावला, जावेद आलम, धर्मेंद्र शर्मा, अबू तला खान, मनीष आदि ने माला पहनाकर उनका अभिन्नदन किया। ज्ञात रहे कि करीब 3 साल पहले बीसीएमएचओं डॉ. कमलेश चावला के सेवानिवृति के बाद यह पद खाली चल रहा था, जिस पर अस्थाई रूप से किसी ना किसी चिकित्सक को चार्ज दिया जाता रहा है।

# प्रदेश का बजट विकास, निवेश और उपभोग को कई गुणा बढ़ाएगा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रविकाश फाइनेंशियल के डायरेक्टर विकास ओझा ने भजनलाल सरकार के तीसरे बजट को बेहतरीन बजट बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के विकास, निवेश और उपभोग को कई गुणा बढ़ाएगा। उन्होंने इसे जनता का बजट बनाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा आम आदमी की परेशानियों को दूर कर उसके चेहरे पर मुस्कान का जतन किया जाना चाहिए। विकास ओझा ने कहा बजट में आवंटित धनराशि का जनभावनाओं के अनुरूप उपयोग किया जाना चाहिए तभी विकसित राजस्थान का हमारा सपना पूरा होगा।

**कार्यालय नगरपालिका पीसांगन, जिला अजमेर (राज.)**
रिछमालिया रोड़, पीसांगन
E-mail : nagarpalikapisangan@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पी./निविदा/2025-26/1821 दिनांक : 09.02.2026

**-: ई-निविदा सूचना संख्या (08/2025-26) :-**

नगर पालिका पीसांगन द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु वर्ष 2025-26 में नगरपालिका क्षेत्र पीसांगन में सी.सी. सडक निर्माण कार्य करवाये जाने की सेवाओं हेतु इच्छुक एंव अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। ई-टेण्डरिंग में न्यूनतम दर को स्वीकार की जायेगी। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड एवं अपलोड़ व http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड किये जा सकते है। उक्त निविदा सूचना पोर्टल पर दिनांक 10.02.2026 से देखी जा सकती है।
उक्त कार्य की (NIB Cobe DLB2526B1393)
UBN NO. - (1) DLB2526WSOB33576 (2) DLB2526WSOB33577 (3) DLB2526WSOB33578 (4) DLB2526WSOB33579 (5) DLB2526WSOB33580 (6) DLB2526WSOB33581 (7) DLB2526WSOB33582 (8) DLB2526WSOB33583

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पीसांगन
राज.संवाद/सी/25/19597

## राज्यपाल ने धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचकर उन्हें दी श्रद्धांजलि, प्रार्थना सभा में उनके संस्मरण साझा किये







**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पहुंचकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने वहां आयोजित पंडित उपाध्याय की प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यक्ति नहीं संस्था थे। उनकी 'एकात्म मानववाद' की दृष्टि निर्धनता और अशिक्षा को दूर कर समाज में सभी स्तरों पर समानता स्थापित करने की रही है। उन्होंने दीनदयाल जी के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए कहा कि वह अपने सारे कार्य स्वयं करते थे। वह बहुत सहज और सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे। राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद में भारतीय ज्ञान परम्परा के बीज निहित है। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में निष्ठा रहेगी तभी भारत एकात्म रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत को अगर विश्व में पहचान मिलेगी तो उसके मूल में भारतीय संस्कार व संस्कृति ही होगी। पंडित दीनदयाल जी ने सदा इसी सोच का प्रसार किया। बागडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की मौलिक विचार दृष्टि हमें दी। उनके अंत्योदय के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए हमें समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। बागडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय स्मारक पर पंडित जी के जीवन आलोक से जुड़ी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

## बजट घोषणाएं विकसित राजस्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः सीआईआई







**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के बजट पर उद्योग जगत की सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान ने बजट घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि ये कदम प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

सीआईआई राजस्थान के उपाध्यक्ष एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के संस्थापक, प्रबंध निदेशक व सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि मंडल स्तर पर लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए प्लग एंड प्ले सुविधा हेतु 350 करोड़ रुपये का प्रावधान, अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) की स्थापना, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब का विकास और नई आईटी नीति से एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। साथ ही, ऋण दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क में छूट से व्यापार करने में आसानी बढ़ेगी और निवेश आकर्षित होगा। सीआईआई राजस्थान के उपाध्यक्ष रजनीश भंडारी ने 'सिंगल विंडो 2.0' प्लेटफॉर्म को ईओडीबी (व्यवसाय सुगमता) की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र की तरह सेवा क्षेत्र को भी ब्याज सब्सिडी का लाभ मिलने से निवेश और रोजगार में वृद्धि होगी। सीआईआई राजस्थान के वरिष्ठ निदेशक नितिन गुप्ता ने कहा कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) के विस्तार से जीसीसी, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक्स और सौर विनिर्माण क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा।

*चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव ने किया 181 हेल्पलाइन का अवलोकन*

## कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली को देखा, विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित 181 हेल्पलाइन केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने यहां कॉल रिस्पॉन्स सिस्टम, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया तथा लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की विस्तार से जानकारी ली। राठौड़ ने हेल्पलाइन के कॉल सेंटर में परिवेदना प्राप्ति और उसके समाधान की प्रक्रिया को करीब से देखा। साथ ही, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में प्राप्त हो रही परिवेदनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर कॉल सेंटर पर कार्यरत कार्मिक से शिकायत निस्तारण के पूरे मैकेनिज्म के बारे में पूछा। साथ ही, हेल्पलाइन प्रभारी जीके शर्मा से स्वास्थ्य विभाग की परिवेदनाओं के निस्तारण की स्थिति तथा लंबित परिवेदनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली। प्रमुख शासन सचिव ने मौके पर उपस्थित चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सम्पर्क पोर्टल, 181 हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त जनसमस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जीवन रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए समस्याओं का त्वरित एवं पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं हो। उन्होंने इसके लिए विभाग के कार्मिकों को समय—समय पर आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल सेंटर स्टाफ से संवाद कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सम्पर्क पोर्टल एवं 181 हेल्पलाइन इस दिशा में एक सशक्त माध्यम है, जिससे नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

*राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह*

## स्काउट व गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी संस्कृतिः राज्यपाल




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि युवा स्वयं के विकास के साथ राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने स्काउट गाइड संगठन के युवाओं को दृढ़ संकल्प शक्ति और मन बनाकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को अधिकारों की बजाय राष्ट्र और समाज तथा शिक्षा के प्रति कर्तव्य की भावना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बागडे राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्काउट व गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी संस्कृति से जुड़ा संगठन है। उन्होंने राजस्थान को योद्धाओं की भूमि बताते हुए कहा कि यहां का व्यक्ति शौर्य, वीरता और साहस से जुड़ा है। यहां निरंतर लड़ाइयाँ हुई पर मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण की भावना रही है। उन्होंने सेना में यहां के सर्वाधिक युवाओं के होने की चर्चा करते हुए स्काउट गाइड से जुड़े युवाओं को अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया।

## न्यूज विंडो

*बोर्ड परीक्षाएं आज प्रारम्भ*

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विद्यार्थियों को शुभकामनाएं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं सहित सीबीएसई, आईसीएसई तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि परीक्षा जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है, इसलिए विद्यार्थी तनावमुक्त होकर पूरे परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता के साथ परीक्षा दें। सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने से अवश्य ही सफलता मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें और घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखें, ताकि विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के लिए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी स्तरों पर परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होंगी। साथ ही, अन्य बोर्डों, सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध विद्यालयों एवं कक्षा 8वीं, 5वीं तथा राज्य स्तरीय समान परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर आयोजित होंगी।

### मेड़तासिटी हत्याकांड का 6 घंटे में खुलासा, पश्चिम बंगाल के दो हत्यारे गिरफ्तार

**नागौर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बा मेड़तासिटी के नन्हा बाजार में मंगलवार देर रात हुई स्वर्णकार पंकज सोनी की नृशंस हत्या के मामले में नागौर पुलिस ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में गठित विशेष टीमों ने वैज्ञानिक साक्ष्य और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर महज 6 घंटे के भीतर वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कच्छावा ने बताया कि घटना 10 फरवरी 2026 की मध्यरात्रि करीब 12:11 बजे की है। पंकज सोनी अपनी कान में कारीगरों के साथ काम कर रहे थे, तभी हथियारों से लैस बदमाशों ने अंदर घुसकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। धारदार हथियारों से किए गए इस हमले में पंकज सोनी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य कारीगर गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसने शहर में सनसनी फैला दी। **350 कैमरे, सैकड़ो मोबाइल और 50 किमी का रूट किया तय** घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मृदुल कच्छावा ने तुरंत ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी और वृताधिकारी रामकरण सिंह मलिंडा के सुपरविजन में पुलिस की 5 अलग-अलग टीमें बनाई गईं। सीसीटीवी टीम ने मेड़तासिटी से लेकर मेड़तारोड तक के करीब 350-400 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। साईबर सेल ने संदिग्ध मोबाइल नंबरों और टावर लोकेशन का विश्लेषण कर करीब 50 किलोमीटर का रूट ट्रेस किया गया।

### 7 साल से छलावा दे रहा 10,000 का ईनामी बदमाश फरीदाबाद से गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी (सीबी) टीम ने एक बार फिर अपनी पेशेवर दक्षता दिखाते हुए सात वर्षों से फरार चल रहे शातिर अपराधी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। पुलिस मुख्यालय की विशेष टीम ने हरियाणा के फरीदाबाद में एक सुनियोजित ऑपरेशन चलाकर 10 हजार रुपये के ईनामी बदमाश लुकमान मेव पुत्र उस्मान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। धोखाधड़ी और ट्रैक्टर चोरी का मुख्य आरोपी एसपी ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि मामला वर्ष 2019 का है, जब आरोपी लुकमान ने अपने चार-पांच साथियों के साथ मिलकर टोंक के उनियारा क्षेत्र में एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने फाइनेंस की किस्त बाकी होने का झांसा देकर उम्मेद मीना नाम के एक व्यक्ति से उसका ट्रैक्टर छीन लिया था। इस संबंध में थाना उनियारा में धोखाधड़ी, कूट रचित दस्तावेज तैयार करने और षड्यंत्र रचने के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से ही लुकमान अपनी पहचान छुपाकर दिल्ली, हरियाणा और मथुरा के विभिन्न इलाकों में फरारी काट रहा था। **सीआईडी (सीबी) की घेराबंदी और एक्शन** पुलिस अधीक्षक मैत्रेयी के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। गठित टीम में उप निरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश शर्मा को सटीक इनपुट मिला कि आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर 28 में छुपकर रह रहा है और पहचान छुपाने के लिए जेसीबी चलाने का काम कर रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे चारों तरफ से घेर लिया और दस्तयाब कर लिया। गिरफ्तार आरोपी लुकमान पुत्र उस्मान, मूल रूप से मथुरा उत्तर प्रदेश का निवासी है। उस पर न केवल टोंक में ईनाम घोषित था, बल्कि भरतपुर के कामां थाने में भी आर्म्स एक्ट के तहत गंभीर मामला दर्ज है। पुलिस लंबे समय से इसकी तलाश में जुटी थी, लेकिन शातिर अपराधी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इस सफल ऑपरेशन में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के कुशल नेतृत्व के साथ एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह और कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा व नरेश कुमार की विशेष भूमिका रही। आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए उनियारा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

*विशेष निरोधात्मक अभियान*

### प्रदेश में 2 लाख 34 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट, निरोधात्मक कार्रवाई में 894 केस दर्ज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में 2 लाख 34 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 894 केस दर्ज करते हुए 718 को गिरफ्तार किया गया। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रदेश में जनवरी माह में 2 लाख 34 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा 622, देशी मदिरा 4921, अवैध मदिरा 5468, बीयर 1052 बोतल सहित एक किलोग्राम भांग को सीज किया गया।

## बजट से और मजबूत होगा विकसित राजस्थान का संकल्पः ऊर्जा मंत्री

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि बजट 2026-27 के माध्यम से राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग को भरपूर संबल दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन को और मजबूती प्रदान करेगा। नागर ने कहा कि वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में प्रदेश के किसानों, पशुपालकों, श्रमिकों, नौजवान, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति समेत सभी वर्गों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। हथिनीकुंड से शेखावाटी तक यमुना का पानी लाने, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान पर 10 लाख रूपए तक का ऋण प्रदान करने, सिंचाई सुविधा संबंधी कार्यों के लिए 11 हजार 300 करोड़ रूपए, लगभग 8 हजार 300 करोड़ रूपए से अधिक के सड़क, आरओबी, आरयूबी सहित अन्य आधारभूत ढ़ांचे के विकास कार्यों, कृषि क्षेत्र में बजट 7.59 प्रतिशत बढ़ाने और 2.5 लाख किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने जैसे बजट प्रावधान प्रदेश को नई ऊंचाईयों तक ले जाने में सहायक होंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस बार भी ऊर्जा क्षेत्र के सभी आयामों को प्राथमिकता मिली है। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2900 करोड़ रूपए की लागत से बीकानेर एवं जैसलमेर में 4830 मेगावाट के सोलर पार्कों के विकास, प्रसारण तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 220 केवी और 132 केवी के 19 नए ग्रिड सब स्टेशन, वितरण क्षेत्र में 33 केवी के 110 सब स्टेशन निर्माण, स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की साइबर एवं नेटवर्क सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी ऑपरेशन एवं नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर विकसित करने तथा ग्रिड को एआई एनेबल्ड करने जैसी घोषणाओं से प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। नागर ने कहा कि इन्टीग्रेटेड सोलर सेल एवं मॉड्यूल निर्माण इकाइयों को भी रिप्स-2024 के अन्तर्गत देय लाभों के लिए सम्मिलित करने से नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों का मैन्यूफैक्चरिंग ईकोसिस्टम विकसित हो सकेगा।

*'सक्षम साथिन' पहल से महिला सशक्तिकरण को मिल रही नई दिशा*

## डिजिटल जागरूकता और संचार कौशल पर भी दिया गया विशेष मार्गदर्शन महिला अधिकारिता विभाग की कार्यशाला में 40 साथिनों ने की शिरकत




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला अधिकारिता विभाग एवं एजुकेट गर्ल्स की साझा पहल के तहत जयपुर में 'सक्षम साथिन कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले की लगभग 40 साथिनों एवं सुपरवाइजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य साथिन बहनों को सरकारी योजनाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा आधुनिक तकनीकी विषयों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश डोगीवाल, उप निदेशक, महिला अधिकारिता, जयपुर के मार्गदर्शन में हुआ। एजुकेट गर्ल्स की ओर से लवीना राठौड़, प्रोजेक्ट लीड ने अतिथि प्रवीण सिन्हा, जेंडर स्पेशलिस्ट एवं उपस्थित साथिनों का स्वागत किया। प्रवीण सिन्हा ने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित पहलों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा साथिनों को समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति प्रेरित किया। एजुकेट गर्ल्स की रूपाली शर्मा ने वर्तमान में बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। रजत शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत अवधारणाओं तथा डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। रूपाली एवं तान्या ने विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से संचार कौशल के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के दौरान कुछ साथिनों ने अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड के अनुभव भी साझा किए, जिससे विषय की गंभीरता और प्रासंगिकता स्पष्ट हुई। कार्यक्रम के अंत में एजुकेट गर्ल्स टीम ने साथिनों को आत्मनिर्भर बनने तथा अर्जित ज्ञान का समाज हित में सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का समापन प्रमाण पत्र वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। यह पहल जिले में साथिनों को तकनीकी रूप से सशक्त कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

*सूर्यकिरण एरोबेटिक शो की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ली बैठक*

# जयपुर देखेगा भारतीय वायु सेना की शक्ति, समर्पण और शौर्य, 22 फरवरी को जलमहल पर प्रस्तावित है एयर शो

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में भारतीय वायु सेना की विश्वप्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम द्वारा 22 फरवरी को एयर शो आयोजन प्रस्तावित है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर आत्माराम सावंत ने वायु सेना, पुलिस, सामान्य प्रशासन विभाग, पर्यटन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बुधवार को सचिवालय में हुई बैठक में कार्यक्रम की तिथि, स्थल, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने बताया कि सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के 11 फाइटर जेट तथा सारंग टीम के 6 हेलीकॉप्टर अपने सटीक समन्वय और रंगीन धुएं के आकर्षक पैटर्न के माध्यम से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पूरे आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी तथा यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने सामान्य प्रशासन विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव को दी। बैठक में जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, जेडीसी सिद्धार्थ महाजन, जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, पर्यटन आयुक्त रूक्मणि रियार, नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार, पुलिस उपायुक्त (यातायात) सुमित मेहरडा सहित पुलिस, सार्वजनिक निर्माण, परिवहन एवं जेडीए के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### बच्चा चोर का राष्ट्रीय नेटवर्क



देश भर में बच्चों के लापता होने के बढ़ते मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई देश व्यापी नेटवर्क काम कर रहा है या फिर यह अलग-अलग राज्यों में होने वाली बिखरी हुई घटनाएं हैं। अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र कर उनका विश्लेषण करें, केंद्र सरकार की ओर से पेश एडवोकेट ने अदालत को बताया कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और अभियोजन से जुड़े आंकड़े सौंप दिए हैं लेकिन अभी भी एक दर्जन राज्यों में अब तक डाटा उपलब्ध नहीं कराया है उन्होंने कहा कि जब तक सभी राज्यों से पूरी जानकारी नहीं मिलती तब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता है।

बच्चों की गुमशुदगी के बढ़ते मामलों के पीछे अलग-अलग सोच है एक लाइन यह है कि इन बच्चों को भीख मांगने के लिए उठाया जाता है फिर अपंग करके उनसे भीख मंगाई जाती है। एक सच यह है कि मानव तस्करी के रूप में गुमशुदा बच्चों को इधर-उधर किया जाता है एक सोच यह है कि बच्चे खुद घर से भाग रहे हैं जबकि एक सच यह है कि इन बच्चों को सोने तरीके से उठाकर उनके अंग निकाल उनका बड़ा व्यापार चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट का अपनी फैसले के पीछे यही सोच रहा है कि आखिर यह सारा काम सुनियोजीत तरीके से तो नहीं हो रहा है।

मौजूदा समय में लापता हुए बच्चे की बरामदगी आसान है क्योंकि सोशल मीडिया पर पूरा नेटवर्क चलता है पुलिस के पास पूरा डाटा और फोटो रहते हैं संदेहसपद दिखने वाले बच्चों को तुरंत पूछताछ के लिए बुलाया जाता है और समाज में जागरूकता भी आ गई है कि बच्चों का शोषण होते कोई नहीं देखना चाहता। मजेदार बात तो यह है कि इतने बच्चे लापता होते हैं वह जाते कहां है उन्हें जमीन निकल जाती है या आसमान उड़ा ले जाता है। किसी राज्य से निकला बच्चा देश के किसी हिस्से में तो मिलना चाहिए। यदि नहीं मिल रहा है तो इसका मतलब कुछ बड़ा मामला है सरकार को इसके लिए बड़े कदम उठाने चाहिए एक सुझाव यह भी है कि इनका राष्ट्रीय स्तर पर पोर्टल बने ताकि फोटो नाम पते के आधार पर बच्चों को तत्काल ढूंढा जा सके।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

2013: उत्तर कोरिया ने तीसरा भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
2009: भारत के वैज्ञानिकों ने विश्व का पहला भैंस क्लोन विकसित किया।
1999: बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू।
1975: भारत ने खुद को चेचक मुक्त घोषित किया।
1928: गांधी जी ने बारदोली में सत्याग्रह की घोषणा की।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑ लोक सभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश।
◆ पास हो या ना हो पर गलत पेश नहीं किया।

❑ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस तक ओम बिरला लोकसभा में नहीं जाएंगे।
◆ जाएंगे तो किस मुंह से जाएंगे।

❑ पेंगुइन का दावा भारत के सेनाध्यक्ष नरवडे की किताब पब्लिश नहीं हुई।
◆ फिर भगवान ने छाप कर भेज दी क्या।

❑ राहुल गांधी बोले या तो किताब छापने वाली कंपनी झूठ बोल रही है या सेनाध्यक्ष नरवणे।
◆ झूठ को मानेगा कौन।

❑ ए आई और डीपफेक पर सरकार का बड़ा एक्शन, नए नियम बनाए।
◆ रोक सके तो जाने।

❑ रूस के विदेश मंत्री बोले भारत पर हमसे तेल नहीं खरीदने का भारी दबाव।
◆ दुख की बात तो यह भारत दबाव में आ गया।


❑ प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भाजपा के बजट को आंकड़ों का मायाजाल बताया।
◆ जनता भी समझती है मूर्ख बना रहे हैं।

❑ राज्य बजट आज विकसित राजस्थान के संकल्प को लेकर होगी कई बड़ी घोषणाएं।
◆ मतलब झुनझुना खूब बजेगा।


*..............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**गुरूवार 12 फरवरी, 2026**



**मेष राशि:** कार्यस्थल पर आप शानदार प्रदर्शन करेंगे और उत्साह के साथ काम करेंगे। यदि आप परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आप सफल होंगे।



**वृषभ राशि:** आज आप कई कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यदि व्यवसाय या नौकरी की तलाश में हैं तो आप सफल रहेंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए पदोन्नति या प्रगति के प्रबल संकेत हैं।



**मिथुन राशि:** रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है। लेखन, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा या खेल से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कुछ अतिरिक्त प्रयास द्वारा पुराने ऋण प्राप्त हो सकते हैं।



**कर्क राशि:** आर्थिक रूप से दिन शुभ है। आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकते हैं। भाग्य आपका साथ देगा और आप कठिन कार्यों को पूरा कर पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।



**सिंह राशि:** बौद्धिक गतिविधियों के लिए यह एक अच्छा दिन है। आप सभी क्षेत्रों में अच्छी प्रगति करेंगे। इच्छित काम भी पूरा हो सकता है। परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को वांछित परिणाम मिलेंगे।



**कन्या राशि:** आज परिणाम आपकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे। आप अनावश्यक काम में शामिल होंगे और कठिनाइयों का सामना भी करेंगे।



**तुला राशि:** कार्यस्थल पर किए गए प्रयास आपको सकारात्मक परिणाम देंगे। मेहनती जातकों के लिए नौकरी में पदोन्नति और व्यवसाय में प्रगति संभव है।



**वृश्चिक राशि:** आपको जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यदि आप उनमें से अधिकांश का लाभ नहीं उठा पाते हैं, तो आप सदैव के लिए वह अवसर खो देंगे।



**धनु राशि:** आज का दिन खुशियां लेकर आएगा और आपको जोश से भर देगा। आप अपनी सकारात्मक सोच के साथ स्थितियों को नियंत्रित करने में सक्षम होंगे। आर्थिक रूप से आप अधिक सुरक्षित रहेंगे।



**मकर राशि:** आर्थिक रूप से यह दिन बहुत अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी, वाहन आदि में निवेश करने के लिए अच्छा समय है। आपके करियर में कुछ बदलाव होंगे और यह फायदेमंद भी साबित होंगे।



**कुम्भ राशि:** आज भाग्य आपका साथ देगा। कठिनाइयां समाप्त होंगी और रुके हुए कार्य गतिशील होंगे। वित्तीय मामलों में आपके लिए व्यवस्थित काम करना फायदेमंद और लाभकारी होगा।



**मीन राशि:** आज परिणाम आपके पक्ष में होंगे। काम में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। अपने छिपे हुए दुश्मनों से सावधान रहें, जो आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

**डिजिटल युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की आधारशिला मानी जा रही है।**

किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है-डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा 'विश्वास' है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में



नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है। एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक 'गोल्डन ऑवर' में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है। वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी। एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती।

सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो। अंततः डिजिटल क्रांति का उद्देश्य सुविधा, पारदर्शिता और समृद्धि है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसका नैतिक औचित्य कमजोर पड़ जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में डिजिटल परिवर्तन को रोकना संभव नहीं, और न ही यह वांछनीय है। किंतु इसे सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना अनिवार्य है। सरकार को नीति, तकनीक और प्रशासन-तीनों स्तरों पर समन्वित रणनीति अपनानी होगी। साइबर अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को समयबद्ध राहत, जांच एजेंसियों का सशक्तीकरण और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही-ये सब मिलकर ही धोखाधड़ी मुक्त डिजिटल परिवेश का निर्माण कर सकते हैं।

# योगी के बजट से 2027 की बिसात, आंकड़ों के सहारे सियासी दांव



अजय कुमार

**उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट केवल अगले वित्त वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की सबसे ठोस राजनीतिक पटकथा के रूप में देखा जा रहा है। 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये के इस बजट के जरिए सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह चुनाव से पहले विकास, सुरक्षा और कल्याण तीनों मोर्चों पर अपने दावों को आंकड़ों के साथ जमीन पर उतारकर पेश करना चाहती है।**

पिछले बजट के मुकाबले करीब 12.9 प्रतिशत बढ़े इस आकार को सत्ता पक्ष 'विश्वास का बजट' बता रहा है, जबकि इसके भीतर छिपा राजनीतिक संदेश यह है कि सरकार न तो संसाधनों की कमी से जूझ रही है और न ही चुनाव से पहले खर्च बढ़ाने से पीछे हट रही है। सरकार ने सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपने मजबूत पक्ष के रूप में सामने रखा है। 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार 30.25 लाख करोड़ रुपये की जीएसडीपी और 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दिखाने की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या वाला राज्य नहीं, बल्कि तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। 2016-17 में जहां जीएसडीपी करीब 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं आठ-नौ वर्षों में इसके ढाई गुना से अधिक होने को सरकार स्थिर शासन और निवेश के अनुकूल माहौल का नतीजा बता रही है। 2027 के चुनाव में यह आंकड़ा खासतौर पर शहरी मतदाताओं, कारोबारियों और निवेश से जुड़े वर्गों के सामने रखा जाएगा, ताकि यह संदेश जाए कि सत्ता में बदलाव विकास की रफ्तार को रोक सकता है। प्रति व्यक्ति आय को लेकर दिए गए आंकड़े भी इसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय के 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये होने और 2025-26 में इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने के अनुमान को सरकार आम आदमी की जिंदगी से जोड़कर पेश कर रही है। यह संदेश खास तौर पर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लिए है, जो महंगाई, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य खर्च को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहता है। सरकार का दावा है कि आय बढ़ने का मतलब सिर्फ आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि उपभोग और जीवन स्तर में बदलाव है। गरीबी के मोर्चे पर 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा 2027 के लिहाज से सबसे बड़ा सामाजिक कार्ड माना जा रहा है। मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय और बिजली कनेक्शन जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को एक साथ रखकर सरकार यह दिखाना चाहती है कि गरीब सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति का केंद्र है। चुनावी रणनीति में यह वर्ग इसलिए अहम है क्योंकि यह सीधे सरकार से जुड़ाव महसूस करता है और उसके फैसले अक्सर स्थिर रहते हैं। रोजगार को लेकर बजट में पेश किए गए आंकड़े विपक्ष के सबसे मजबूत मुद्दे का जवाब माने जा रहे हैं। बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत बताकर सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पुलिस विभाग में 2017 से अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां, 1 लाख 58 हजार पदोन्नतियां, 60 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणाधीन जवान और 83 हजार से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक साथ जोड़कर सरकार यह दिखाना चाहती है कि सरकारी नौकरियां सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा क्षेत्र में 34 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति भी इसी दिशा में रखा गया कदम है, क्योंकि शिक्षक समुदाय ग्रामीण और कस्बाई राजनीति में राय बनाने की अहम भूमिका निभाता है। युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति भी बजट में साफ दिखती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना गारंटी और बिना ब्याज ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका राजनीतिक मतलब यह है कि सरकार उन युवाओं को भी साधना चाहती है, जिन्हें सरकारी नौकरी की सीमित सीटों से निराशा हुई है।

अगर यह योजना आंशिक रूप से भी सफल होती है, तो 2027 तक लाखों परिवार सीधे इससे जुड़ सकते हैं। कृषि क्षेत्र के आंकड़े ग्रामीण राजनीति को ध्यान में रखकर चुने गए हैं। 3 लाख 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में सरकार का सबसे मजबूत चुनावी हथियार माना जा रहा है। गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से करीब 3000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लाभ का दावा किसानों को यह याद दिलाने के लिए है कि भुगतान सीधे खाते में पहुंचा है। गेहूं, धान और मोटे अनाज की लाखों मीट्रिक टन खरीद और हजारों करोड़ रुपये के भुगतान के आंकड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश हैं। नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली की व्यवस्था ग्रामीण मतदाताओं के लिए सीधा संदेश है कि सिंचाई लागत सरकार उठाने को तैयार है। महिलाओं को लेकर बजट में दिए गए आंकड़े 2022 के चुनावी अनुभव से निकले हुए माने जा रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं का झुकाव निर्णायक साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ, सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और वर्किंग वूमेन हॉस्टल जैसे प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा मानती है। महिला मतदाता भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों आधारों पर निर्णय करती हैं, और बजट में यह संदेश उसी दिशा में जाता है। कानून-व्यवस्था से जुड़े आंकड़े भी 2027 की चुनावी कहानी का अहम हिस्सा हैं।

डकैती, लूट, हत्या और अपहरण जैसे अपराधों में 40 से 80 प्रतिशत तक कमी के दावे के जरिए सरकार यह स्थापित करना चाहती है कि उत्तर प्रदेश अब पहले जैसा असुरक्षित नहीं है। पुलिस भवनों, आवास और संसाधनों पर हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सुरक्षा ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। यह संदेश शहरी मतदाताओं, व्यापारियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर अहम है। कुल मिलाकर 2026-27 का बजट एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया है, जिसमें हर बड़ा आंकड़ा 2027 के मतदाता को ध्यान में रखकर चुना गया है। विकास, कल्याण, सुरक्षा और पहचान चारों को जोड़कर सरकार ने यह दिखाने की कोशिश की है कि सत्ता की निरंतरता ही स्थिरता की गारंटी है। आने वाले महीनों में यही बजट गांव-गांव, शहर-शहर होने वाली राजनीतिक बहसों का आधार बनेगा, जहां सरकार इन आंकड़ों के सहारे भरोसा मांगेगी और विपक्ष इन्हीं आंकड़ों को चुनौती देने की कोशिश करेगा।

# महान चिंतक, समाज-सुधारक और देशभक्त स्वामी दयानन्द सरस्वती



बाल मुकुन्द ओझा

उन्नीसवीं शताब्दी के महान समाज-सुधारकों में स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम अत्यंत श्रध्दा के साथ लिया जाता है। स्वामी दयानंद सरस्वती आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक, समाज-सुधारक और देशभक्त थे। स्वामी जी का जन्म 12 फरवरी 1824 को हुआ। जिस समय भारत में चारों ओर पाखंड और मूर्ति-पूजा का बोल-बाला था। स्वामी जी ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने भारत में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए 1876 में हरिव्दार के कुंभ मेले के अवसर पर पाखण्डखंडिनी पताका फहराकर पोंगा-पंथियों को चुनौती दी। उन्होंने फिर से वेद की महिमा की स्थापना की। उन्होंने एक ऐसे समाज की स्थापना की जिसके विचार सुधारवादी और प्रगतिशील थे। हिंदू पंचांग के अनुसार, स्वामी दयानंद सरवती का जन्म फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को होता है। स्वामी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दयानंद सरस्वती जयंती मनाई जाती है। उन्होंने अपने समय में समाज में फैली बाल विवाह, सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति न केवल समाज को जागरूक किया बल्कि इन्हें दूर करने में भी काफी योगदान दिया। अपने परिवार से प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद, वह एक महान वैदिक विद्वान के रूप में उभरे। उन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया और ज्ञान और सत्य की खोज में भारत के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में चले गए। स्वामी दयानंद अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्रहित के उत्थान, समाज में प्रचलित अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी ओजस्वी विचारों से समाज में नव चेतना का संचार जागृत किया। उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने सन् 1874 में अपने कालजयी ग्रन्थ 'सत्यार्थ-प्रकाश' की रचना की। वर्ष 1908 में इस ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद भी प्रकाशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने कुल मिलाकर उन्होंने 60 पुस्तकें, 14 संग्रह, 6 वेदांग, अष्टाध्यायी टीका, अनके लेख लिखे जिनमें 'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका', 'संस्कार-विधि', आर्याभिविनय आदि अनेक विशिष्ट ग्रन्थों की रचना की। अपने 59 वर्ष के जीवन में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने राष्ट्र में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगो को जगाया और अपने ज्ञान प्रकाश को देश में फैलाया। उन्होंने अपने कार्यो से समाज को नयी दिशा एवं उर्जा दी। महात्मा गाँधी जैसे कई महापुरुष स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों से प्रभावित थे। धर्म सुधार हेतु अग्रणी रहे दयानंद सरस्वती ने 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी। वेदों का प्रचार करने के लिए उन्होंने पूरे देश का दौरा करके पंडित और विद्वानों को वेदों की महत्ता के बारे में समझाया। दयानंद सरस्वती जी ने अंग्रेजों के खिलाफ भी कई अभियान चलाए। जिससे अँग्रेजी सरकार स्वामी दयानंद से बुरी तरह तिलमिला गयी और स्वामीजी से छुटकारा पाने के लिए, उन्हें समाप्त करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे। 1857 की क्रांति में भी स्वामी जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया अंग्रेजी हुकूमत से जमकर लोहा लिया, स्वामी दयानंद सरस्वती वैदिक धर्म में विश्वास रखते थे उन्होंने राष्ट्र में व्याप्त कुरीतियों एवम अन्धविश्वासो का सदैव विरोध किया । उन्होंने ही सबसे पहले वर्ष 1876 में 'स्वराज' का नारा दिया जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी ने आगे बढ़ाया। दयानन्द सरस्वती जी ने विधवा नारियों के पुनर्विवाह के लिये अपना मत दिया और लोगो को इस ओर जागरूक किया। स्वामी जी ने सदैव नारी शक्ति का समर्थन किया उनका मानना था कि नारी शिक्षा ही समाज का विकास हैं। पति के साथ पत्नी को भी उसकी मृत्यु शैया पर अग्नि को समर्पित कर सती करने की अमानवीय सतीप्रथा का भी उन्होने विरोध किया। उन्होंने नारी को समाज का आधार कहा और कहा उनका शिक्षित होना जरुरी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने विचारों के प्रचार के लिए हिन्दी भाषा को अपनाया। उनकी सभी रचनाएं और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश' मूल रूप में हिन्दी भाषा में लिखा गया।

# जनरल नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा और दिल्ली पुलिस की जांच

- महेन्द्र तिवारी

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है।

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम, और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था। अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। परंतु यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था। यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है।

# भरतपुर को मिली अनेकों सौगात भाजपाईयों ने मनाया जश्न

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में दिया कुमारी ने राज्य बजट 2026-27 पेश किया। भजनलाल सरकार का यह तीसरा बजट है जिसमें युवा महिला किसानों और बुनियादी ढांचे को लेकर बडी घोषणाएं की गई हैं। बजट की घोषणा के तुरन्त बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में अनेकों कार्यकर्ताओं ने एक.दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार का यह बजट महिला सशक्तिकरण को बढावा देने वाला है। जिसमें लखपति दीदी योजना महिला स्वयं सहायता समूह बैंक सखी किशोरियों के लिए पोषण और एआई आधारित मेंटल हेल्थ सेवाओं से महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी ने कहा कि यह बजट पंच गौरव योजना पर आधारित है जिसके अन्तर्गत आधारभूत संरचना पर्यटन उन्नयन सांस्कृतिक संरक्षण स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिग तथा नवाचार आधारित परियोजनाओं के लिए 150 करोड रूपये व्यय किए जायेंगें। जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेन्द्र पचौरी ने कहा कि राज्य बजट राजस्थान के युवाओं को समर्पित है। जिसमें 1 लाख युवाओं को स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत 10 लाख रूपये तक का अनुदान दिये जाने का प्रावधान रखा गया है। इससे सरकार की यह मंशा स्पष्ट होती है कि युवा नौकरी लेने वाला नहीं नौकरी देने वाला होना चाहिए। इनके अतिरिक्त भरतपुर.डीग क्षेत्र में एयरपोर्ट एवं 100 करोड की लागत से बृज कन्वेंशन सेन्टर की घोषणा की गई है। जिससे भरतपुर में पर्यटन के क्षेत्र को बढावा मिलेगा। भरतपुर के डेनेज सिस्टम को मजबूती प्रदान करने के लिए घोषणा की गई है। भरतपुर में समेकित बाल विकास परिसर की स्थापना की गई है। शिक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए कक्षा 8वीं 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को लेपटॉप के लिए 20000 रूपये का ई.वाउचर



दिया जावेगा। जो शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रान्ति साबित होगी। कुल मिलाकर राजस्थान बजट आर्थिक सुदृढता सामाजिक सुरक्षा और टिकाउ विकास के सन्तुलन के साथ राज्य को नई उचाईयों पर ले जाने का रोड मेप प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान रज्जन सिंह श्याम सुन्दर गौड संजीव शर्मा चन्द्रवीर जघीना कविता गोयल अनामिका चौधरी सविता फौजदार रजनी जाटव संतोष खण्डेलवाल तेजवीर मीणा दीपेन्द्र गणेशिया पंकज शर्मा आकाश हथैनी योगा सहनावली तेजराज इन्द्रौलिया अभय गुर्जर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यायायिक मजिस्ट्रेट ने किया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** मंगलवार की रात्रि को करीब 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीग के सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू शकीत एवं एलएडीसी सदस्यों द्वारा डीग चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान न्याययिक मजिस्ट्रेट नीतू शकीत ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए लेबर रूम स्टाफ रूम मरीज भर्ती वार्ड का निरिक्षण किया। जिसमें चिकित्सालय में पायी गई अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। जिस पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।

# पूरक पोषाहार, पेयजल एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूकता रैली का आयोजन

**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत 28 जनवरी से 14 अप्रैल, 2026 तक समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग, गंगापुर सिटी के अन्तर्गत आशान्वित ब्लॉक के रूप में बुधवार को अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर पूरक पोषाहार, पेयजल एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूकता रैली एवं सेमीनार का आयोजन किया गया। ताकि आशान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी के आईसीडीएस के सभी संकेतांकों का शत-प्रतिशत कियान्वयन सुनिश्चित हो सके। जागरूकता रैली का शुभारम्भ परियोजना कार्यालय पंचायत समिति परिसर, गंगापुर सिटी, से होकर सेमीनार स्थल अग्रवाल धर्मशाला, गंगापुर सिटी तक किया गया। ताकि पूरक पोषाहार, स्वच्छता एवं पेयजल से संबंधित संकेताकों का शत-प्रतिशत कियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इस प्रयोज्य जागरूकता रैली एवं सेमीनार का सफल कार्यक्रम आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, गंगापुर सिटी, खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास



परियोजना अधिकारी, गंगापुर सिटी, समस्त महिला पर्यवेक्षक व एएनएनएम कर्मिक तथा अन्य विभागों के अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में प्रभावी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी लाभान्वितों को केन्द्रों पर पूरक पोषाहार संबंधी जानकारी एवं महत्व के बारे में बताया।

# 15 साल पुराने चुनावी विवाद में 23 लोगों को सुनाई सजा

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 15 साल पहले हुए एक चुनावी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या और अन्य घायलों के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-3 ने 23 लोगों को सजा सुनाई है। जिसमें 12 लोगों को आजीवन कारावास और 11 को 7-7 साल की सजा सुनाई गई है। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों के लोगों को सुरक्षा के बीच सेंट्रल जेल सेवर पहुंचाया। अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घटना चिकसाना थाना इलाके के पीपला गांव की है। 16 अगस्त को दयाचंद ने एफ आईआर दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरा भतीजा गांव के ही बस स्टैंड पर खडा था। इस दौरान गांव के ही सौदान सिंह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मेरे भतीजे राकेश के साथ बुरी तरह मारपीट कि जब हमारे परिवार के लोग उसे बचाने के गए तो सौदान सिंह के परिजनों ने राकेश के परिजनों को भी पीटा। मारपीट के दौरान सौदान सिंह ने राकेश के गोली मार दी। घटना में राकेश की मौत हो गई। साथ ही हमारे परिजनों के भी चोटें आई। दयाचंद ने सौदान सिंह सहित 15 लोग गुलाब मुकेश होरी लाल गुड्डू करतार चरण सिंह ओमी लाखन भगवान सिंह रघुवीर महेश खजान भोजा सौदान राजू के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और 15 लोगों के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट की तारीखों के दौरान भोजा सौदान राजू की मौत हो गई। 12 लोगों को बुधवार को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जो तीन लोगों की मौत हो चुकी है कोर्ट ने उन्हें भी दोषी माना था। अपर लोक



अभियोजक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दूसरे पक्ष श्याम लाल ने भी 16 अगस्त को चिकसाना थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि दयाचंद और उसके परिजनों ने मेरे परिवार के ऊपर हमला किया। जिसमें मेरे परिवार के कई लोगों के चोटें आई। श्यामलाल ने 54 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की जांच की और 11 लोगों को आरोपी माना। इस मारपीट में तेजपाल अटल बिहारी तेजसिंह टीकम दयाचंद रघुवीर प्रभु वीरेंद्र चरण सिंह दिनेश नरेंद्र को दोषी माना। पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में केस चला और बधुवार को कोर्ट ने 11 लोगों को दोषी मानते हुए सभी को 7-7 साल की सजा सुनाई है।

# हरसौली रेलवे आरओबी निर्माण की धीमी रफ्तार से आमजन परेशान




**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती हरसौली कस्बे में बीबीरानी, मुंडावर, बहरोड़ के सड़क मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 86 पर प्रस्तावित आरओबी (रेलवे रोड ब्रिज) निर्माण कार्य की धीमी प्रगति से ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए 36.31 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू हुए करीब 15 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक पिलर ही बने है। जानकारी के अनुसार, इस आरओबी निर्माण का टेंडर 23 अगस्त 2024 को पारुल कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। प्रशासन द्वारा यह दावा किया गया था कि कार्य फरवरी 2026 तक पूर्ण कर दिया जाएगा, लेकिन मौके पर स्थिति इसके विपरीत है। अभी भी आधे से अधिक कार्य शेष है, जिससे आमजन में नाराजगी देखी जा रही है। यदि यह निर्माण कार्य समय पर पूरा हो जाता, तो वाहन चालकों के साथ-साथ स्कूल बसों, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी राहत मिल सकती थी। वही आरओबी निर्माण शुरू होने से पहले भारी वाहनों के लिए डायवर्जन की व्यवस्था की गई थी, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद आज भी भारी वाहन इसी रेलवे फाटक से गुजर रहे हैं, जिससे जाम और दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मुंडावर-खैरथल रोड वही कोटकासिम-बहरोड़ रोड पर डायवर्जन और संकितक बोर्ड लगाए गए हैं, फिर भी भारी वाहन नियमों की अनदेखी कर निकल रहे हैं। विभाग का मानना है कि यदि पुलिस प्रशासन सख्ती से डायवर्जन को लागू करे, तो इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है।

# जल जीवन मिशन के तहत ग्राम रंधीरगढ में जल अर्पण समारोह आयोजित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रंधीरगढ पंचायत समिति में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भरतपुर के अधीक्षण अभियंता नरेन्द्र वर्मा वैर खंड अधिशाषी अभियंता हेमन्त कुमार मीना ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष सरपंच राधेश्याम शर्मा सहायक अभियंता उपखंड वैर कनिष्ठ अभियंता भुसावर तथा पंचायत राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारी की उपस्थिति में जल अर्पण समारोह का आयोजन किया गया।

# दिव्यांग बच्चों ने किया रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण, भालू की चहलकदमी देख रोमांचित हुए विशेष बच्चे



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर संचालित मुस्कान विशेष विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शनिवार को रणथंभौर नेशनल पार्क का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने जंगल और वन्यजीवों को नजदीक से देखा और प्रकृति के प्रति जागरूकता का अनुभव किया। संस्था सचिव अरविंद चौहान ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को हर वर्ष रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण कराकर वन एवं वन्यजीवों की जानकारी दी जाती है। इसी क्रम में वन विभाग की 'बाघ रक्षक' योजना के तहत उपवन संरक्षक मानस सिंह की स्वीकृति के बाद विशेष बच्चों को जोन नंबर 6 में भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान स्पेशल एजुकेटर सचिन सिंह, हनुमान गुर्जर, अमिता मीणा, सुरेन्द्र सिंह, श्याम सुंदर रेगर एवं सुरेन्द्र रेगर ने बच्चों को चीतल, हिरण, सांभर, बंदर और भालू सहित विभिन्न वन्यजीवों की जानकारी दी। टाइगर की साइटिंग नहीं होने से बच्चे कुछ देर मायूस नजर आए, लेकिन जोन-6 में पटवा बावड़ी के पास स्लोथ बियर (भालू) की चहलकदमी देखकर बच्चे खासे रोमांचित हो उठे।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने जन.परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की मंशानुरूप प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुँचाने तथा स्थानीय स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने ग्राम पंचायत बेढ़म में रात्रि चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी परिवेदनाएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित प्रमुख प्रकरण प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने चम्बल पेयजल आपूर्ति में आ रही बाधाओं ग्राम पंचायत स्तर पर रास्तों के निर्माण तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन सीसी रोड निर्माण की मांग रखी। साथ ही विद्युत विभाग से संबंधित डीपी ट्रांसफ ार्मर के स्थानांतरण का विषय भी उठाया गया। जिला कलक्टर ने संबंधित अभियंताओं को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किए बिना तकनीकी बाधाओं को दूर किया जाए। चौपाल में राजस्व विभाग से जुडे सर्वाधिक प्रकरण सामने आए। इनमें मुख्य रूप से राजकीय एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण खेतों की पैमाइश सीमाज्ञान तथा पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त जारी न होने संबंधी मामले सम्मिलित थे। जिला कलक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमानुसार पैमाइश कर विवादों का निपटारा मौके पर ही करने का प्रयास करें तथा अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता अपनाई जाए। सामाजिक सरोकारों के तहत खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने चिकित्सा विभाग द्वारा दिव्यांगजन प्रमाण पत्र जारी करने तथा वन विभाग से संबंधित बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के




विषय भी प्रेषित किए गए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से वंचित न रखा जाए और वन विभाग वन्यजीव प्रबंधन हेतु समुचित कार्य करे।

## न्यूज विंडो

### राजलदेसर में पेंशन के लिए आवेदन शिविर गुरुवार को श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों को मिलेगा लाभ

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत पेंशन के लिए गुरुवार, 12 फरवरी, 2026 को राजलदेसर नगरपालिका सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 03 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के राजलदेसर नगरपालिका सभागार में 12 फरवरी, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को संबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 100 रुपए अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। यह पेंशन वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन के अतिरिक्त होगी। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

### राजकीय विद्यालय में नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में नशे के खिलाफ मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के लिए जागरूकता कार्यशाला महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे, सोशल मीडिया की लत, ऑनलाइन गेमिंग और नकारात्मक सोच जैसे खतरों से अवगत कराते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से विक्रम ज्याणी ने कहा कि आज की पीढ़ी देश का भविष्य है, लेकिन यही पीढ़ी यदि नशे और गलत आदतों की गिरफ्त में आ गई तो आने वाला कल अंधकारमय हो सकता है। नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि सोच रिश्तों और सपनों को भी खोखला कर देता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे मोबाइल और इंटरनेट के गुलाम न बनें, बल्कि उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने का साधन बनाएं। विद्यालय प्रशासन की ओर से प्रधानाचार्य अनामिका दाधीच ने कहा कि ऐसी कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों को सुरक्षित, संस्कारित और आत्मनिर्भर बनाने का एक संकल्प है । कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने, अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने और एक सकारात्मक समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली। पुलिस कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के लिए युवाओं को जागरूक किया।

### मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों का हुआ निस्तारण, जिला कलक्टर स्वयं पहुंचे मौके पर

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त जन परिवादों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान संचालित किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने स्वयं विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर परिवादों की तथ्यात्मक स्थिति का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। फोंडपुरा, नीम का खेड़ा निवासी महेश द्वारा अवैध विद्युत लाइन के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया था। जिला कलक्टर ने स्थल निरीक्षण कर अवैध लाइन को तत्काल हटवाया तथा संबंधित विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में बाड़ी क्षेत्र के श्यामपुरा बसईडांग निवासी देवेंद्र द्वारा रास्ते की मांग संबंधी परिवाद प्रस्तुत किया गया। जांच में पाया गया कि प्रस्तावित मार्ग खातेदारी भूमि से होकर अपेक्षित है। इस पर परिवादी को विधिक प्रावधानों के तहत सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की सलाह दी गई। परिवादी द्वारा मौके पर संतोष व्यक्त किया गया। मठ नीमखेड़ा निवासी लोकेन्द्र द्वारा सफाई व्यवस्था संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई थी। निरीक्षण के दौरान परिवादी उपस्थित नहीं मिला, किंतु परिजनों द्वारा वर्तमान में नियमित सफाई होने की जानकारी दी गई। जिला कलक्टर ने संबंधित ठेकेदार को प्रतिदिन सफाई कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पुलिस महानिरीक्षक ने वार्षिक निरीक्षण कर ली पुलिस अधिकारियों की बैठक



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार डीग पुलिस अधीक्षक कार्यालय का बधुवार को वार्षिक निरीक्षण किया। डीग पहुँचने पर पुलिस महानिरीक्षक को एसपी कार्यालय पर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान रेंज आईजी कैलाश चंद्र विश्नोई ने रिकॉर्ड रूम सायबर क्राइम कंट्रोल रूम और स्टाफ रूम सहित पुलिस प्रशासन की कार्यशैली का बारीकी से परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आईजी विश्नोई ने पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर क्राइम मीटिंग लेते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश मीणा एएसपी अखिलेश शर्मा व जिले के सभी सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक थाना प्रभारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। 11 फ़रवरी 1967 को मुगलसराय के पास उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धान्त भारतीय समाज और संस्कृति के प्रति उनके गहरे दृष्टिकोण को दर्शाता है। पंडित दीनदयाल की सोच यह थी कि समाज के सभी पिछडे वर्गों को उन्नति के समान अवसर मिलने चाहिए।

### विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला है बजटः कन्हैया लाल चौधरी

# नई पाइपलाइन एवं पेयजल परियोजनाओं का होगा विस्तार दूरस्थ एवं जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को मिलेगी राहत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वर्ष 2026-27 के राज्य बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। चौधरी ने बताया कि बजट में जल संसाधनों के संरक्षण, पाइपलाइन विस्तार, नई पेयजल परियोजनाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इससे विशेष रूप से दूरस्थ एवं जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को राहत मिलेगी। जलदाय मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता 'हर घर स्वच्छ जल' के लक्ष्य को शीघ्रता से प्राप्त करना है। बजट में की गई घोषणाओं से अधूरी परियोजनाओं को गति मिलेगी और नई योजनाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल वितरण तंत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि बजट में विभाग में लगभग 3,000 संविदा कर्मियों की नियुक्ति का ऐलान किया गया है, जिससे विभाग की परिचालन क्षमता और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा, बजट में 'अमृत 2.0' योजना के तहत 3 लाख नए घरों में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। मंत्री ने इसे ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी कदम बताया, जो राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और सुरक्षित पीने का पानी पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि संशक्त जल प्रबंधन के लिए बजट में जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। जिससे हम आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर जल संकट के समाधान और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर होंगे। चौधरी ने कहा कि बजट में घोषित 160 करोड़ रुपये के पेयजल संबंधी कार्यों को तेजी से लागू किया जाएगा, ताकि हर घर तक नल का पानी पहुंच सके। उन्होंने राजस्थान स्टेट वाटर पॉलिसी का भी स्वागत किया, जो आमजन को पेयजल सुविधा और अघरेलु एवं औद्योगिक इकाइयों के लिए पानी उपलब्ध कराने में सहायक होगी।

उन्होंने कहा कि बजट में 1,092 गांवों की लगभग 20 लाख आबादी को बीसलपुर से पेयजल आपूर्ति स्तर बेहतर करने के लिए सूरजरपुरा से चाकसू तक ट्रांसमिशन लाइन संबंधी कार्यों के लिए 650 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। जलदाय मंत्री ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन के सहयोग से प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प अवश्य पूरा होगा।

### भारत-पाक बॉर्डर पर 2.25 किलो हेरोइन बरामद

## बीएसएफ व खाजूवाला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के खाजूवाला स्थित अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर क्षेत्र से बुधवार की अल सुबह बड़ी कार्रवाई की खबर सामने आई। जानकारी के मुताबिक बीएसएफ व खाजूवाला पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान चक 1बीएम-14बीडी की रोही में रेगिस्तान से करीब 2 किलो 25 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। मादक पदार्थ चार पैकेट में मिला है, जिसे पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका जताई जा रही है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 से 20 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। अलसुबह हुई इस बुधवार की कार्रवाई में बीएसएफ इंटेलिजेंस की सतर्कता अहम रही। कार्यवाहक थानाधिकारी हरपाल सिंह टीम सहित मौके पर मौजूद रहे। कांस्टेबल ओमप्रकाश चौधरी, प्रेम कुमार व रामकुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। संयुक्त कार्रवाई से तस्करों की साजिश नाकाम कर दी गई।

## अमूल कंपनी का तीस हजार किलो एक्सपायरी माल जप्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय की टीम ने खो नागोरियान में मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर पर कार्यवाही की। सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि 181पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर फूड सेफ्टी टीम को भेजा गया था।उक्त सी एंड एफ गोदाम में मैसर्स कायरा डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन, गुजरात द्वारा उत्पादित अमूल ब्रांड के अनेक नॉन डेयरी फूड प्रोडक्ट नूडल्स,केच अप ,म्योनीज,एनर्जी ड्रिंक आदि के लगभग 3000 कार्टून एक्सपायरी मिले जिनमें से 1000 कार्टून में दिनांक मिटा दी थी। मौके पर फर्म का मालिक गगन आहूजा इन पैकेटों से थिनर,एसीटोन आदि केमिकल से डेट मिटाकर नई डेट प्रिंट करके बेचने की तैयारी में था। फर्म का फूड लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था।

## राजस्थान बजट 2026 पर नेताओ ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं।कांग्रेस ने बजट को सिरे से नकारा है भाजपा ने ऐसे सराया है। विपक्ष ने बजट को 'घोषणाओं का पुलिंदा' बताते हुए दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी कागजों में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता।बजट से हर वर्ग को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी है। विपक्ष का आरोप है कि विकास के नाम पर केवल प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जबकि वास्तविक विकास कार्यों की गति संतोषजनक नहीं है। साथ ही पर्यावरणीय सुरक्षा के मुद्दों की अनदेखी भी सरकार नहीं नकार सकती।ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी सवाल उठाए गए हैं। विपक्ष का कहना है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार इस परियोजना को 'राष्ट्रीय परियोजना' का दर्जा दिलाने में विफल रही है। पूर्वी राजस्थान सहित प्रदेश में पानी की समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए।कृषि क्षेत्र को लेकर भी विपक्ष ने नाराजगी जताई है।

उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के ठोस उपायों का अभाव है और कृषि क्षेत्र को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं दी गई है।इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़ी घोषणाएं जरूर की गई हैं, लेकिन बदलती तकनीक, निर्माण गुणवत्ता और हाल ही में हुए हादसों की रोकथाम को लेकर स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं किया गया। विपक्ष का कहना है कि आमजन अब केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि ठोस परिणाम चाहते हैं। भाजपा दौसा शहर अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने राजस्थान बजट 2026-27 को जन-आकांक्षाओं एवं विकास को समर्पित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रावधानों से युक्त है।राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट 'विकसित राजस्थान' की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य में लंबित रेल परियोजनाओं के विस्तार के लिए भी अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए हैं। कृषि आय बढ़ाने के ठोस उपायों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि सरकार किसानों के हित में क्या वास्तविक कदम उठा रही है। इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में बड़ी घोषणाएं जरूर की गई हैं, लेकिन निर्माण गुणवत्ता, बदलती तकनीक और हालिया हादसों की रोकथाम को लेकर स्पष्ट रोडमैप सामने नहीं आया है।

### संसदीय कार्य मंत्री ने बजट 2026-27 पर दी प्रतिक्रिया

## राजस्थान को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का रोडमैपः पटेल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने वर्ष 2026-27 के राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र को धरातल पर उतारने वाला है। उन्होंने कहा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय रोडमैप से स्पष्ट है कि राजस्थान अब सुशासन और आर्थिक समृद्धि के नए युग में प्रवेश कर चुका है। **विरासत से विकास-थार सांस्कृतिक सर्किट—** पटेल ने कहा यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राजस्थान को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का रोडमैप है। उन्होंने कहा विरासत से विकास के विजन के अनुरूप जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालोर को शामिल करते हुए 'थार सांस्कृतिक सर्किट' बनाया जाएगा। **न्यायिक और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण-** विधि मंत्री ने कहा न्याय प्रणाली अधिक सुगम और सर्व सुलभ बनाने के लिए 15 विभिन्न न्यायालयों की स्थापना की जाएगी और न्यायालयों में अवसंरचना विकास के लिए 200 करोड़ रूपये का व्यय किया जाएगा। उन्होंने कहा नवगठित आठ जिलों में मिनी सचिवालय तथा 94 नवीन पंचायत समितियों तथा 3 हजार 467 ग्राम पंचायतों के भवन निर्माण में आधारभूत संरचना विकास के लिए 3 हजार करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है। **एनटीए की तर्ज पर बनेगी राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी—** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक हजार करोड़ रूपये का व्यय कर 30 हजार युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा।


कार्यालय ग्राम पंचायत मीनापाडा पं0स0 गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर

क्रमांक- जीपी/टेंडर /2025-26/64 दिनांक- 10.02.2026

ई-निविदा संख्या- WORK TENDAR/MEENAPDA/05

पशु चिकित्सालय की अपूर्ण चार दिवारी को पूर्ण करना टोटोलाई के लिए ई-टेण्डिरिंग प्रक्रिया में निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदाये संबधित बेबसाइट पर देखी जा सकती है। https://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/

NIB NO. ZSM2526A0828 UBN NO. ZSM2526WSRL00948

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मीनापाडा, पंचायत समिति गंगापुर सिटी

प्रशासक/सरपंच, ग्राम पंचायत मीनापाडा, पंचायत समिति गंगापुर सिटी



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

मु0 नं0 25/2026/269 दिनांकः- 04/02/26
सर्व साधारण को सूचनार्थ हेतु

नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि रमेश कुमार सोनी पुत्र श्री मदन लाल सोनी वार्ड नं 28 सोनारो का मोहल्ला मनोरंजन कल्ब के पीछे चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1969 की धारा 17(1) के अंतर्गत युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो. प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026. निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

मु0 नं0 27/2026/283 दिनांकः- 05/02/26
सर्व साधारण को सूचनार्थ हेतु

नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र श्री कुंजबिहारी शर्मा कुंज कुटी किले के पीछे चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री चुरू ट्रस्ट चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 04.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर


### जयपुर शहर के विकास, यातायात सुधार और सौन्दर्यीकरण कार्यों की समीक्षा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के विभिन्न आधारभूत ढांचागत विकास, यातायात सुगमता और सौन्दर्यीकरण कार्यों की प्रगति को लेकर जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निदेशक अभियांत्रिकी-प्रथम से संबंधित कार्यों की इस समीक्षा बैठक में जेडीसी ने इमली फाटक के आसपास सहकार मार्ग पर ट्रैफिक मैनेजमेंट के सुचारू संचालन हेतु विकल्प तलाशने के निर्देश दिये। बैठक में मानसरोवर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों एवं चौराहों के सौन्दर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मीडियन पर एक आकर्षक 'ग्रीन पैटर्न' विकसित किया जाए। इसके अतिरिक्त, टी-पॉइंट्स पर किसी विशेष 'थीम' के आधार पर मूर्तियां (स्कल्पचर्स) और हरियाली विकसित की जाए, जिससे संपूर्ण सड़क एक समान और आकर्षक नजर आए। साथ ही शिप्रा पथ टी—जंक्शन पर स्कल्पचर्स लगवाये जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जेडीए द्वारा मानसरोवर क्षेत्र में जंक्शनस पर विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण कार्य करवाये जायेंगे। यातायात सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए जेडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ट्रैफिक आइलैंड्स पर मूर्तियां स्थापित न की जाएं।

### जविप्रा ने ई-जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के लिए जारी किए नए दिशा-निर्देश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण में आमजन की समस्याओं के त्वरित व पारदर्शी निस्तारण हेतु संचालित 'ई-सुनवाई' प्रक्रिया की जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन द्वारा समीक्षा की गई। जेडीसी ने बताया कि जेडीए द्वारा 09 फरवरी, 2026 तक 400 परिवादों की सफलतापूर्वक ई-सुनवाई की जा चुकी है। आमजन को समय पर व सुगमता से न्याय मिल सके, इसके लिए ई-सुनवाई प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु जेडीए द्वारा नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अतिरिक्त आयुक्त (पीआरएन एवं पुनर्वास) डॉ. बी.सी. बधाल ने बताया कि जेडीए द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक जोन एवं शाखा प्रभारी को ई-सुनवाई हेतु निर्धारित दिवस पर न्यूनतम 6 परिवादों की सुनवाई करना अनिवार्य होगा। साथ ही, ई-सुनवाई हेतु रखे गए परिवादों की प्रगति रिपोर्ट उसी दिन शाम 6:00 बजे तक आवश्यक रूप से अपलोड की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत, ई-सुनवाई में रखे जाने वाले परिवादों का चिन्हिकरण सुनवाई की तिथि से 7 दिवस पूर्व किया जाएगा तथा जोन व शाखा प्रभारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन 7 दिनों के भीतर ही चिन्हित परिवादों का निस्तारण कर दिया जाए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश दिये गये है कि यदि ई-सुनवाई की तिथि तक परिवाद का निस्तारण नहीं हो पाता है, तो परिवादी को निस्तारण की आगामी तिथि से अवगत करवाया जाएगा और इस नई तिथि का अंकन अपलोड की जाने वाली प्रगति रिपोर्ट में भी करना अनिवार्य होगा। जेडीसी ने बताया कि ई-सुनवाई हेतु पंजीकृत प्रकरणों में से विभिन्न जोनों व प्रकोष्ठों में कुल 71 प्रकरण अभी लंबित हैं। इन सभी लंबित प्रकरणों का आगामी ई-सुनवाई तिथि से पूर्व आवश्यक रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आपसी समन्वय बेहतर करने के लिए प्रत्येक जोन व प्रकोष्ठ प्रभारी को ई-सुनवाई में रखे जाने वाले परिवादों की सूचना सुनवाई तिथि से दो दिन पूर्व संबंधित सलाहकार को 'राजकाज' पर ई-डाक के माध्यम से प्रेषित करनी होगी। इन सभी नए निर्देशों का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रत्येक उपायुक्त और शाखा प्रभारी प्राप्त परिवादों पर प्रभावी कार्यवाही करें, ताकि परिवादी को समय पर व सुगमता से न्याय मिल सके।

## कैलाई के पास स्विफ्ट डिजायर और ट्रेलर की भीषण भिड़ंत में कार में सवार सभी आधा दर्जन की मौत




**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले में सिकंदरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-21 पर कैलाई के पास मंगलवार की रात को डिजायर कार और ट्रेलर की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। कालाखोह निवासी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी कैलाई के पास स्विफ्ट डिजायर कार डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार का गेट तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। चार घायलों को सिकंदरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लोकेश पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश पुत्र बनवारी योगी और मनीष पुत्र हरिमोहन योगी व अंकित पुत्र लालाराम बैरवा सभी निवासी कालाखोह को मृत घोषित कर दिया। इन शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। वही दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां जांच के बाद समय पुत्र रामसिंह योगी निवासी कालाखोह को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल नवीन पुत्र महेश योगी को जयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना पर जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार और एसपी सागर राणा मौके पर पहुंचे और राहत कार्य का जायजा लिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है।वही दौसा जिला अस्पताल के ड्यूटी प्रभारी डॉ. विनोद मीणा ने बताया कि कैलाई के पास हुए सड़क हादसे के दो घायलों को दौसा लाया गया था, जिनमें से एक को मृत घोषित किया गया, जबकि दूसरे को जयपुर रेफर किया गया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी।जहाँ मंगलवार को सभी मृतकों के शब् का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। कालाखोह गांव में एक साथ 6 शवों को देकर पूरा गांव शोक में डूब गया। गांव के घरो में चूला नहीं जला।

### मांगलिक कार्यक्रम के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट, दो गंभीर झुलसे


**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में श्रीडूंगरगढ़ तहसील के गांव तोलियासर में गृह प्रवेश के मांगलिक कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। धमाके के साथ आग लगने से घर की मालकिन महिला व एक पंडित गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि आसपास बैठे आधा दर्जन लोग भी आग की चपेट में आ गए। सभी घायलों को उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर थानाधिकारी कश्यप सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे।

## एसबीआई व बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा ने मेला लगा बांटे 10 व 20रु के फ्रेश नोट



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा में भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बुधवार 11 फरवरी को एसबीआई मुख्य शाखा और बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा की ओर से नई करेंसी वितरण के लिए विशेष मेला आयोजित किया गया। एसबीआई द्वारा नेहरू गार्डन में लगाए गए इस मेले में ?10 और ?20 के नए नोट लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग गईं। हालात ऐसे थे मानो मतदान केंद्र पर भी इतनी लंबी लाइनें देखने को नहीं मिलतीं।मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैंक कर्मियों ने नोट लेने वालों के आधार कार्ड की जांच की तथा उंगली पर स्याही का निशान लगाया, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को निर्धारित मात्रा में ही नोट मिल सकें और दोबारा वितरण न हो। साथ नॉट वितरण के दौरान भरी पुलिस जाप्ता भी लगाया गया। एसबीआई के मुद्रा तिजोरी प्रभारी विपिन कुमार खींची ने बताया कि आरबीआई के निर्देशानुसार यह मेला आयोजित किया गया है। प्रत्येक व्यक्ति को ?10 के 50 नोट और ?20 के 50 नोट, कुल ?1500 की नई करेंसी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि शाखाओं में सीमित मात्रा में फ्रेश नोट उपलब्ध होने के कारण आरबीआई द्वारा इस प्रकार के विशेष मेलों का आयोजन किया जाता है। इस मेले के माध्यम से लगभग 65 लाख रुपये की नई करेंसी वितरण का लक्ष्य रखा गया है।सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग नई करेंसी लेने के लिए पहुंचने लगे। हालांकि कुछ लोगों का कहना था कि पर्याप्त मात्रा में नोट उपलब्ध नहीं हो सके। बैंक प्रशासन ने आश्वासन दिया कि वितरण के बाद प्राप्त सुझाव आरबीआई को भेजे जाएंगे, ताकि भविष्य में और ऐसे मेले आयोजित किए जा सकें।वहीं ग्राहकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आम लोगों को बाजार में नए नोट आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते और कई बार अधिक कीमत पर मिलते हैं। शादियों और त्योहारों के मौसम को देखते हुए यह मेला आमजन के लिए काफी लाभकारी साबित हुआ है। लोगों ने आरबीआई और बैंक प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक रामरतन मीना, उप प्रबंधक बजरंग लाल मीणा एवं मुद्रा तिजोरी प्रभारी विपिन कुमार खींची व बैंक अधिकारी हिमांशु हुकुम सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### कानोरिया कॉलेज के रोवर्स अंकित राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कानोरिया कॉलेज की रोवर्स रेंजर इकाई के रोवर अंकित पुत्र इंद्राज को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।प्राचार्य डॉ. बीडी शर्मा ने बताया कि बुधवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के मुख्य आतिथ्य में जयपुर के जगतपुरा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में कानोरिया कॉलेज के रोवर अंकित को राज्यपाल ने सम्मानित किया।


कार्यालय ग्राम पंचायत तारनपुर पं0स0 मलारना डूंगर, जिला सवाई माधोपुर

Notice Inviting Bid

Bids for Construction work in Various Gram Panchayat Taranpur Panchayat Samiti Malarna Dhugar is invited from interested bidders upto 17/02/2026 Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state website and eproc.rajasthan.gov.in also.

| S. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 03/2025-26 | ZSM2526WSOB00939 |
| 2 | 04/2025-26 | ZSM2526WSOB00944 |
| 3 | 05/2025-26 | ZSM2526WSOB00941 |

उपापन समिति, ग्राम पंचायत तारनपुर, पंचायत समिति मलारना डूंगर

प्रशासक/सरपंच, ग्राम पंचायत तारनपुर, पंचायत समिति मलारना डूंगर

## बजट में बयाना को विकास का डबल डोज: कनावर में कृषि कॉलेज, रूपवास में एडीजे कोर्ट, रुदावल बाईपास को 60 करोड़, ग्रामीणों ने मिठाई बांट मनाई खुशी

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार के तीसरे बजट में बयाना विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में पेश बजट में शिक्षा, न्यायिक व्यवस्था, सड़क, बिजली और सिंचाई से जुड़ी कई अहम घोषणाएं कीं, जिससे क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी है। सबसे बड़ी घोषणा गांव कनावर में कृषि महाविद्यालय खोलने की रही। कॉलेज शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को कृषि स्नातक की पढ़ाई के लिए अब भरतपुर या जयपुर नहीं जाना पड़ेगा। इससे स्थानीय युवाओं को राहत मिलने के साथ कृषि क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि कनावर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ननिहाल है। हाल ही में उनके मामा पंडित बाबूलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जयपुर पहुंचकर कृषि कॉलेज खोलने की मांग रखी थी, जिसे बजट में मंजूरी मिल गई। घोषणा के बाद बुधवार शाम ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। इस दौरान पंडित बाबूलाल शर्मा, सरपंच सियाराम, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा, उदयभान शर्मा, दौलतराम शर्मा, रामसहाय सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने बताया कि बजट में रूपवास में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) खोलने की घोषणा की गई है। इससे क्षेत्र के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए अन्य शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और मुकदमों के निस्तारण में तेजी आएगी। सड़क और यातायात के मोर्चे पर भी बड़ी राहत मिली है। रुदावल कस्बे में बाईपास निर्माण के लिए 60 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बाईपास बनने से कस्बे में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। इसके अलावा स्टेट हाईवे-45 पर ब्रह्मबाद गांव में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण को मंजूरी दी गई है। बिजली व सिंचाई क्षेत्र में भी घोषणाएं की गई हैं। रीछोली में 33 केवी जीएसएस निर्माण होगा। वहीं गंभीर नदी पर एनीकट निर्माण की डीपीआर के लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। किसानों की सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए बंध बारैठा बांध की भराव क्षमता बढ़ाने को 60 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। कुल मिलाकर इस बजट में बयाना विधानसभा को शिक्षा, न्याय, सड़क और सिंचाई के क्षेत्र में संतुलित विकास की सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है।

*जिला कलक्टर ने किया राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण*

## शैक्षणिक गुणवत्ता व आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर दिया जोर




**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं की वस्तुस्थिति के प्रत्यक्ष आंकलन के उद्देश्य से जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुंडा भगवान दास (डीग) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। **शैक्षणिक गुणवत्ता एवं नामांकन पर संतोष** निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन में हुई वृद्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे संस्था प्रधान एवं शिक्षकों के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम बताया।

उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की जाँच की तथा मिड-डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत दुग्ध वितरण की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पोषाहार वितरण व्यवस्था सुचारू पाई गई।

**मानव संसाधन एवं अवसंरचना विकास** विद्यालय में शैक्षणिक स्टाफ की न्यूनता के विषय पर जिला कलक्टर ने संज्ञान लिया। संस्था प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि रिक्त पदों के संबंध में उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव प्रेषित किए जा चुके हैं, जिस पर जिला कलक्टर ने आश्वस्त किया कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, विद्यालय की सुरक्षा दीवार के निर्माण हेतु लंबित प्रस्ताव पर चर्चा की गई और निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए गए।

*भाजपा कार्यालय पर पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई*



**कामां (हुक्मनामा समाचार)।** विधायक नौक्षम चौधरी भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में मनाई इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सर्वेश सैनी ने कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय ने पारिवारिक आर्थिक और राजनीतिक कठिनाइयों को सहते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया उन्होंने जन संघ की स्थापना की जो बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्थापित हुई और वही भाजपा कार्यकारिणी के पूर्व मंत्री गोपाल जाटव ने कहां कि पं दीनदयाल उपाध्याय के परिश्रम का ही प्रतिफल है कि आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित है उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक परिवेश में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शीता की आवश्यकताओं पर जोर दिया भाजपा कार्यकर्ता राजू फौजी ने अपने संबोधन में कहा कि दीनदयाल जी ने हमें अंत्योदय का मूल मंत्र दिया था।

## विधिक सेवा शिविर आज

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सोनिका पुरोहित के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) डॉ शरद कुमार व्यास के निर्देशन में सुजानगढ़ तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) द्वारा गुरुवार, 12 फरवरी को ग्राम गोपालपुरा में पशु अस्पताल के सामने नालसा मॉडल स्कीम के अंतर्गत ''विधिक सेवा शिविर'' का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने बताया कि रालसा के निर्देशानुसार नालसा मॉडल स्कीम के अंतर्गत सुजानगढ़ तहसील के ग्राम गोपालपुरा में ''विधिक सेवा शिविर'' में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ, लाभार्थियों को प्रदान किया जायेगा।

## परीक्षा के मद्देनजर ध्वनि नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला श्रीगंगानगर में वर्ष 2026 में सीबीएसई/माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं महाविद्यालयों की परीक्षायें होने जा रही हैं। छात्र शान्तिपूर्वक अध्ययन कर अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें, इसके लिये वातावरण कोलाहल मुक्त रखा जाना आवश्यक है। इसके तहत परीक्षा के मद्देनजर वातावरण कोलाहल मुक्त रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट की ओर से ध्वनि नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने राजस्थान ध्वनि नियंत्रण (नॉईज कंट्रोल) अधिनियम 1963 की धारा 5 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। आदेशानुसार जिला श्रीगंगानगर में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों (जिनसे कोलाहल उत्पन्न हो) का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उक्त अधिनियम में पूर्व में ही प्रतिबंधित है। शादी समारोह, सामाजिक समारोह में रातभर ध्वनि विस्तारक यंत्र बजते रहते हैं, जो कतई उचित नहीं है। इसे रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पूर्णत बंद रखा जाये तथा उक्त उपरांत धीमी गति में, अनुमत डेसीबल की तीव्रता तक ही ध्वनि विस्तारकों का उपयोग हो। धार्मिक स्थलों पर भजन, कीर्तन, आरती, प्रवचन इत्यादि प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किये जाये। कानून में अनुमत ध्वनि तीव्रता के अनुसार ही स्पीकर, ध्वनि विस्तारक सौम्य ध्वनि के साथ बजाया जाये।

## विद्युत विभाग की मनमानी आम आदमी की परेशानी, सीवरेज नाले में लगाया टावर

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर नगर पालिका क्षेत्र में भुसावर-बल्लभगढ़ रोड पर हाईटिग के लिए आरडीएसएस द्वारा लगाए जा रहे टावरों से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ! वही कुछ व्यक्तियों द्वारा अपनी दुकानों को भी खोलना मुश्किल होगा। उनकी रोजी-रोटी भी बाधित हो सकती है अन्य जगह लगाए गए टावरों से कभी भी भारी दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। बस स्टैंड भुसावर से बल्लभगढ़ की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर पूर्व में बनाई गई सीसी रोड जहां जितनी जगह मिली वहां उतनी बना दी इससे वहां से गुजरने वाले वाहनों का हमेशा लगभग जाम सा लगा रहता है । वही जहां पर टावर लगाया गया है वहां से कस्बे के गंदे पानी का नाला भी गुजरता है। शीतला माता मंदिर के पास आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं।

*पायलट सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे: महनसरिया*

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 80वीं जयंती पर दिव्यांगों और मूक बधिर बच्चों को भोजन व पाठ्य सामग्री वितरित की



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 80वीं जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने मधुर स्पेशल शिक्षण संस्थान में दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों को भोजन व पाठ्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने कहा कि स्व. राजेश पायलट एक लोकप्रिय जननेता थे। आमजन में उनका प्रभावशाली वर्चस्व था। वे सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। महनसरिया ने कहा कि हमें आज इस बात की खुशी है, कि उनके बेटे आईसीसी के महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट आमजन के दिलों में बसने वाले नेता बन गए हैं। कार्यक्रम को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया, निदेशक अंजू नेहरा व पूर्व जिला परिषद् सदस्य उमाशंकर शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने स्व. राजेश पायलट के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद विजय सारस्वत, गिरधारी लाल नेहरा, गजानंद महर्षि, खुशी मोहम्मद चायल, शारदा देवी, राकेश कंवर, सुदेश जाखड़, नीतू कंवर, यूनुस खान जेनान, सत्तार लोहार, यूसुफ खां, अमर सिंह दनेवा, किसनाराम बाबल, कालूराम महर्षि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

*आकस्मिक आपदा की तैयारी का मुखर संदेश*

## सीकर रेलवे स्टेशन पर सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के रेलवे स्टेशन पर बुधवार को आतंकी हमले की आशंका को लेकर एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। परिदृश्य के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर में आतंकवादियों द्वारा बम विस्फोट किया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि यह केवल आपदा प्रबंधन और सुरक्षा तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया गया अभ्यास था।कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम के प्रभारी बनवारी लाल भूकर को मॉक ड्रिल की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, सिविल डिफेंस, अग्निशमन विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। आपदा प्रबंधन और जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर के रेलवे स्टेशन पर आज सिविल डिफेंस विभाग द्वारा एक व्यापक मॉक ड्रिल अभ्यास अभियान का आयोजन किया गया।

इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील सार्वजनिक स्थल पर किसी भी आपातकालीन स्थिति का त्वरित और कुशलता से सामना करने की तैयारी और प्रक्रियाओं का परीक्षण करना था।ड्रिल के दौरान अग्निशमन, बचाव, प्राथमिक उपचार और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने जैसी विभिन्न कार्यवाहियों का अभ्यास किया गया। सिविल डिफेंस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और रेलवे प्रशासन के कर्मियों ने समन्वय बनाते हुए एक टीम के रूप में कार्य किया।इस अभियान से यह संदेश दिया गया कि आपदा कभी भी आ सकती है, और ऐसी स्थितियों के लिए पूर्व तैयारी तथा जन जागरूकता ही बड़ी क्षति को रोक सकती है। आम नागरिकों को भी ऐसे अभ्यासों से सीख लेकर सतर्क और तैयार रहने की आवश्यकता है।रेलवे प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभ्यास नियमित रूप से कराए जाते रहेंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त बनाया जा सके।

## रेलवे बाउंड्री निर्माण में असमानता का खेल, वार्डवासियों में ज्वलंत रोष

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** चूरू रेलवे लाइन पर फाटक नंबर 1 से जगमालपुरा फाटक तक बन रही बाउंड्री में स्पष्ट अनियमितता और असमान नियमों के खिलाफ स्थानीय वार्डवासियों में गहरा आक्रोश है। रेलवे विभाग द्वारा एक ही परियोजना में दोनों ओर अलग-अलग मापदंड अपनाए जाने से क्षेत्र में मनमानी और अन्याय का आरोप लग रहा है। विवाद का मूल:निरीक्षण में पाया गया कि पश्चिम दिशा में मात्र 30-35 फीट जगह छोड़कर बाउंड्री बनाई जा रही है, जबकि पूर्व दिशा में 100-125 फीट तक की ज़मीन खाली छोड़ी गई है। इस ओर के तीन प्लॉट के बराबर के घरों पर निशान भी लगाए गए हैं, जिससे उनके ध्वस्त होने और विस्थापन का ख़तरा पैदा हो गया है। जनता में आक्रोश: इस एकतरफा और पारदर्शिता से रहित कार्यप्रणाली से विशेष रूप से गरीब व मजदूर तबके में भय और असुरक्षा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना स्पष्ट नियम और एक समान दूरी के यह निर्माण अनियमित है। राहत की कोशिश:स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्ड नंबर 58 की ब्लॉक टीम के कार्यकर्ता कालूराम चाँवरिया के नेतृत्व में वार्डवासियों ने एकजुट होकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि इस मुद्दे को विधायक व सांसद के समक्ष उठाकर उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाएगी और न्यायसंगत समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सीकर ने आमजन के हितों की रक्षा और किसी भी अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## राष्ट्र नायक तिलका मांझी की जयंती मनाई




**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ़ प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्र नायक तिलका मांझी का 277वां जयंती समारोह डॉ भीमराव अंबेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट नवलगढ़ के तत्वावधान में रामलाल बावरिया के घर देवीपुरा बणी में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामलाल बावरिया व अध्यक्ष रामनाथ सिंह सुरेला थे। मुख्य वक्ता केशर देव धानिया ने स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी के कृतित्व व व्यक्तित्व की विस्तार से व्याख्या की। 1771 में 21 वर्ष की अवस्था में भागलपुर में तिलका मांझी ने अपने साथियों के साथ अंग्रेजों पर धावा बोला और स्वतंत्रता की चिंगारी को हवा दी। भागलपुर के विश्वविद्यालय को इनके सम्मान में तिलका मांझी विश्वविद्यालय घोषित किया गया है। संथाल विद्रोह के मुख्य नायक तिलकामांझी उर्फ जबरा पहाड़िया ने अंग्रेजों के 800 सैनिकों को मार गिराकर उनके कान खड़े कर दिए थे। 1784 में जबरा पहाड़िया ने अंग्रेज अफसर क्लीवलैंड को मार दिया था इसके बाद अंग्रेज उनकी जान के दुश्मन बन गए थे और 35 वर्ष की उम्र में भागलपुर में उनको फांसी पर लटका दिया था। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपना बलिदान दे दिया। अध्यक्षता कर रहे रामनाथ सिंह सुरेला ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भुला दिए गए उन महान नायकों को याद करते हुए लोगों को बताया कि हमें उन गुमनाम शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए और हमें देश की एकता अखंडता के लिए संविधान का पालन करना चाहिए।

## शादी से लौटते समय भीषण हादसा: ट्रेलर में घुसी कार, 6 की मौत

**सिकन्दरा (हुक्मनामा समाचार)।** शादी समारोह से लौट रहे छह लोगों की कार मंगलवार देर रात कैलाई कट के समीप भीषण हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार कार पहले डिवाइडर से टकराई और अनियंत्रित होकर जयपुर से आगरा की ओर जा रहे ट्रेलर से जा भिड़ी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। एएसआई हेमराज गुर्जर ने बताया कि कार सवार छह व्यक्ति रानी का बास पिछुपाड़ा से शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव कालाखोह शिफ्ट डिजायर कार से लौट रहे थे। कैलाई कट के पास अचानक कार डिवाइडर से टकरा गई और दूसरी ओर से आ रहे ट्रेलर में जा घुसी। कार में सवार चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो गंभीर घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, मानपुर पुलिस वृत्ताधिकारी धर्मराज चौधरी, सिकन्दरा थानाधिकारी अशोक चौधरी, मानपुर थानाधिकारी सतीश कुमार सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। ट्रेलर में फंसी कार को क्रेन की सहायता से हटवाकर हाईवे पर लगे जाम को खुलवाया गया।

## जेडीए ने दस बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया पूर्णतः ध्वस्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में करीब 60 करोड़ रूपये की जेडीए स्वामित्व की करीब 20 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयसिंहपुरा खोर के खसरा न. 2269/1 जिला जयपुर में जेडीए स्वामित्व की करीब 20 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई सीमेंट के ब्लॉक की बाउन्ड्रीवाल, पिलर गाडकर तारबंदी कर लोहे का गेट लगा कर लकडियां, झाडियां डालकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमणों को श्रीमान् महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में आज जोन-10 के राजस्व, तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर बेषकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 60 करोड़ रूपये है। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम माचवा, कालवाड रोड, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''माचवा एनक्लेव'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर श्रीमान् महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## खेमका पार्क के पास पण्डितपुर रामलीला मैदान मे विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय पण्डितपुर में खेमका पार्क के पास पण्डितपुर रामलीला मैदान में '' विशाल हिंदू सम्मेलन' का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पूज्य सन्त सीताराम महाराज फलाहारी बाबा अयोध्या वाले, चैतन्य सीकर विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सुरेंद्र कुमार हारित आयोजन समिति अध्यक्ष , समाजसेवी वासुदेव चाकलान , मुरारी लाल पारीक , मनीराम पंवार, अरविन्द इंदौरिया एवं सुमन वशिष्ठ मंचस्थ अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा तिलकार्चन, दुपट्टा पहनाकर एवं भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सीताराम महाराज ने कहा की हिन्दू समाज को संगठित होना बहुत जरूरी है, हम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे ओर बटेंगे तो कटेंगे। मुख्य वक्ता चैतन्य ने विराट सम्मेलन के विराट शब्द की व्याख्या करते हुए भगवान कृष्ण के द्वारा अर्जुन को दिखाए विराट स्वरूप पर प्रकाश डाला। आयोजन समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार हारित ने सभी का आभार व्यक्त किया व मंचीय संचालन रामौतार रक्षक ने किया। कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व महिलाएं कलश को सजाकर मंगल गीत गाती हुई गाजे बाजे के साथ रामेश्वरम शिवालय से कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां मुख्य द्वारा पर पुष्प वर्षा से उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विनोद कुमार चौमाल, राजकुमार पुरोहित, देवीदत्त महर्षि, वैद्य घनश्याम चंद्र महर्षि, विनोद कुमार चौटिया, गोपाल हारित, रामधन महर्षि, बनवारीलाल सैनी, रामगोपाल पारीक, मोहनलाल बबेरवाल, अनूप कुमार पीपलवा , राजीव मंगलहारा, दलू सिंह, रामकृष्ण मटोलिया ,रमेशचंद्र पारीक, दीनदयाल सोनी, बंशीधर स्वामी, बिशनलाल धरण, सीताराम महर्षि, अरुण कुमार शर्मा, सतीश हारित , मनीष हारित , दीदयाल सांखोलिया , नेमीचंद हारित, हड़मान खटीक , पिंटू खटीक सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।




## सरकारी योजनाओं, उच्च शिक्षा और साइबर सुरक्षा विषयों की दी गई जानकारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला अधिकारिता विभाग एवं एजुकेट गर्ल्स की साझा पहल के तहत जयपुर में 'सक्षम साथिन कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले की लगभग 40 साथिनों एवं सुपरवाइजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य साथिन बहनों को सरकारी योजनाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा आधुनिक तकनीकी विषयों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश डोगीवाल, उप निदेशक, महिला अधिकारिता, जयपुर के मार्गदर्शन में हुआ। एजुकेट गर्ल्स की ओर से श्रीमती लवीना राठौड़, प्रोजेक्ट लीड ने अतिथि प्रवीण सिन्हा, जेंडर स्पेशलिस्ट एवं उपस्थित साथिनों का स्वागत किया। प्रवीण सिन्हा ने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित पहलों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा साथिनों को समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति प्रेरित किया। एजुकेट गर्ल्स की रूपाली शर्मा ने वर्तमान में बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

# राजस्थान बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया............

**बजट में युवाओं को पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं की सौगात, स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना का फैसला स्वागत योग्य**

## बजट में आधारभूत ढांचे के विस्तार, ग्रामीण विकास, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान : मदन राठौड़


**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थान बजट 2026—27 को विकसित राजस्थान के निर्माण का सशक्त और दूरदर्शी रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने वाला है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट आमजन, किसान, युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और उद्योग जगत सभी वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है। बजट में आधारभूत ढांचे के विस्तार, ग्रामीण विकास, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि बजट में 42 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। जोधपुर, पाली, मारवाड़ औद्योगिक कॉरिडोर 600 करोड़ की सहायता से, सीएम स्वरोजगार योजना से 10 लाख रुपए तक का ब्याज ऋण मुक्त सहायता, ग्रामीण महिला बीपीओ खोलना, पारदर्शी परीक्षा के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण सीमा 50 लाख से बढ़ाकर 1 लाख, अगले साल 50 हजार सौलर पंप लगाएं जाएंगे जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं बजट में की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय अनुशासन के साथ विकास और जनकल्याण के बीच संतुलन स्थापित किया है। कृषि एवं पशुपालन को मजबूती, युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा शहरी एवं ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को साकार करता है। प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा सरकार को जनादेश दिया था, यह बजट उसी विश्वास को और मजबूत करने वाला है। राठौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि राजस्थान बजट 2026—27 प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

## बजट निराशाजनक, विकास का रोडमैप गायब: गोविन्द सिंह डोटासरा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए अपेक्षित वित्तीय प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यमुना जल परियोजना और ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख तो किया गया, लेकिन इनके लिए कोई स्पष्ट बजट आवंटन नहीं हुआ। डोटासरा ने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिदिन आठ उद्योगों को भूमि आवंटन की बात कर रही है, लेकिन निवेश और रोजगार सृजन के आंकड़ों पर मौन है।



शिक्षा क्षेत्र में 3768 जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ की आवश्यकता बताई गई है, जबकि सरकार ने मात्र 550 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए हैं। उन्होंने किसानों के लिए गेहूं और बाजरे की एमएसपी पर बोनस की घोषणा न होने, नई भर्तियों की कमी और छात्रों को टैबलेट-लैपटॉप योजना का बजट घटने को भी मुद्दा बनाया। डोटासरा ने कहा कि बजट में न नए महाविद्यालयों की घोषणा है, न अस्पतालों की। उनके अनुसार यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए निराशाजनक है और इसमें प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप नजर नहीं आता।

### बजट पर गहलोत का हमला, बताया निराशाजनक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में पेश किए गए बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीखा हमला बोला है। गहलोत ने बजट को जनविरोधी और निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें किसी भी वर्ग के लिए ठोस राहत की घोषणा नहीं की गई। गहलोत ने आरोप लगाया कि रिफाइनरी और श्रम्रक्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स का बजट में उल्लेख तक नहीं है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वार्षिक बढ़ोतरी की घोषणा नहीं होने से 90 लाख से अधिक लाभार्थियों में निराशा है। युवाओं के लिए बड़ी सरकारी भर्तियों की घोषणा भी नहीं की गई, जबकि संविदा आधारित भर्ती पर जोर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर स्टेट टेस्टिंग एजेंसी बनाने की घोषणा पर भी सवाल उठाए गए। कांग्रेस का कहना है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पहले ही विवादों में रही है और राजस्थान लोक सेवा आयोग में रिक्त पद भरे बिना नई एजेंसी बनाना उचित नहीं है। इसके अलावा अन्नपूर्णा राशन किट योजना की बहाली नहीं होने और स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर फैले भ्रम को दूर करने के लिए भी कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई। कांग्रेस ने इसे जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बजट बताया है।

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने साधा सरकार पर निशाना

## 'न विजन, न नीति, न नीयत... भाजपा का बजट विश्वासघाती'

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य विधानसभा में पेश बजट को लेकर सियासत तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए बजट को 'खोखला' और 'जनविरोधी' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट न तो ठोस योजना प्रस्तुत करता है और न ही प्रदेश के विकास की स्पष्ट दिशा दिखाता है। जूली ने कहा कि पिछले दो बजटों में की गई 2718 घोषणाओं में से केवल 900 ही पूरी हुई हैं, जबकि 284 परियोजनाओं पर काम शुरू तक नहीं हो पाया। उन्होंने तंज



कसते हुए कहा, 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर सरकार घोषणाओं तक ही सीमित है, धरातल पर परिणाम नजर नहीं आ रहे। **जल जीवन मिशन पर सवाल-** नेता प्रतिपक्ष ने जल जीवन मिशन को सरकार की बड़ी विफलता बताते हुए कहा कि 45 लाख नल कनेक्शन देने का दावा किया गया था, लेकिन अब तक केवल 14 लाख कनेक्शन ही दिए गए हैं। उनके अनुसार यह जनता के साथ विश्वासघात है।

**वित्तीय प्रबंधन पर भी उठाए सवाल-** जूली ने आरोप लगाया कि राज्य का राजस्व घाटा बढ़कर ?32,982 करोड़ तक पहुंच गया है, जबकि राजस्व प्राप्तियों में ?9,003 करोड़ की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय मोर्चे पर असफल रही है और अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रही है।

**उन्होंने मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब का शेर पढ़ते हुए कहा-** 'उम्र भर ग़ालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पे थी, आइना साफ़ करता रहा।' शिक्षा और ढांचे को लेकर चिंता नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के 42 हजार से अधिक जर्जर स्कूलों की स्थिति पर सरकार मौन है।

साथ ही 'नमो वन' और 'नमो नर्सरी' जैसी घोषणाओं को उन्होंने चापलूसी की राजनीति करार दिया। उन्होंने रिफाइनरी परियोजना में देरी और कुछ जिलों की अनदेखी का भी मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार के पास ठोस रोडमैप का अभाव है।

### भाजपा सरकार का बजट प्रदेश की जनता पर डंबल इंजन की सरकार का दोहरा कुठाराघात : पायलट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आज विधानसभा में प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे प्रदेश की जनता पर डबल इंजन की सरकार का दोहरा कुठाराघात बताया है। पायलट ने कहा कि पहले केन्द्रीय बजट में भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान की अनदेखी की गई और अब राज्य सरकार ने अपने बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग की आशाओं पर पानी फेर दिया है। पायलट ने कहा कि झालावाड़ की स्कूल में हुए हादसे पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी और सरकार हफलनामे के माध्यम से यह स्वीकार भी किया था कि प्रदेश की स्कूलों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ रूपयों की आवश्यकता है। बावजूद इसके राज्य बजट में मात्र 500 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जाना यह बताता है कि राज्य सरकार को विद्यार्थियों की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने बच्चों के भविष्य को अंधेरे में ढकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबन्धन के चलते राजस्व घाटा बढ़ा है, सरकार को कर्ज लेना पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। सरकार ने शब्दों के मायाजाल से अपनी दो वर्षो की नाकामी को छुपाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के गत् वर्षो के बजट की भांति यह बजट भी धरातल पर उतरने वाला नहीं है।

## पशुपालन एवं डेयरी सेक्टर को मजबूती देगा राज्य सरकार का बजट : जोराराम कुमावत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित राजस्थान- 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस कदम है। कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट 'समृद्ध किसान, सशक्त पशुपालक और विकसित राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रावधानों से राज्य में पशुपालन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

उन्होंने कहा कि बजट में पशुपालन, डेयरी मूल्य श्रृंखला, सहकारी निवेश को लेकर जो प्रोत्साहन दिए गए हैं, वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। मंत्री ने इसे महिलाओं, छोटे किसानों और ग्रामीण गरीबों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान (विकसित भारत) के लिए एक निर्णायक कदम माना। कुमावत ने पशुपालन से किसानों की आय में 25 से 30 प्रतिशत योगदान को स्वीकारते हुए कहा कि इस क्षेत्र में उद्यमिता विकास और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। **एनसीआर, यूपी व एमपी में सरस खोलेगा आउटलेट्स—** कुमावत का मानना है कि बजट में किए गए प्रावधान डेयरी सेक्टर को मजबूती तो देगें ही किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य सरकार के 'विकसित प्रदेश के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह बजट डेयरी और पशुधन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर है।



उन्होंने डेयरी सेक्टर के विस्तार के लिए 2000 करोड़ के कोरपस फंड की घोषणा का स्वागत करते हुए, कहा कि सरस ब्रांड को गुणवत्तापूर्ण राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए एनसीआर, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश आदि राज्यों में सरस उत्पादों के आउटलेट्स खोले जाएंगे।

इसके लिए 100 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अंतर्गत 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान दिया जा रहा है।

## संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ता ऐतिहासिक बजट : अविनाश गहलोत,

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की दिशा में ठोस, निर्णायक और परिणामोन्मुखी कदम है। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट न केवल वित्तीय प्रबंधन का दस्तावेज है, बल्कि यह प्रदेश के सर्वांगीण, समावेशी और संतुलित विकास का स्पष्ट रोडमैप भी है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस प्रकार सामाजिक न्याय, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान, किसान कल्याण और गरीब वर्ग के जीवन स्तर में सुधार को बजट के केंद्र में रखा है, वह उनकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'राज सवेरा' योजना के माध्यम से प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प हो या घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू वर्ग के बच्चों के लिए 'स्कूल ऑन व्हील्स' जैसी अभिनव पहल—ये निर्णय समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, युवाओं के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग, संभागीय मुख्यालयों पर प्लग एंड प्ले सुविधा तथा जिला मुख्यालयों के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान जैसी घोषणाएं प्रदेश में रोजगार, कौशल, उद्योग और आधारभूत संरचना को नई गति देंगी। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन और कानून व्यवस्था जैसे सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई घोषणाओं से प्रदेश विकास के उच्चतम शिखर को छू सकेगा। यह बजट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## लघु उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए सभी संभाग मुख्यालयों पर प्लग एंड प्ले फैसिलिटी : के. के. विश्नोई



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने राज्य बजट 2026-27 को औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का रोडमैप बताया है। विश्नोई ने विधानसभा में बजट प्रस्तुत होने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से राज्य में नए लॉजिस्टिक हब की स्थापना, जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए 3,600 हेक्टेयर भूमि विकसित करने और रीको की डायरेक्ट अलॉटमेंट पॉलिसी को जारी रखने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही, सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है।

इसमें वर्ष 2047 तक राज्य की जीडीपी को 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने का संकल्प तथा इसमें उद्योग एवं सेवाओं का योगदान जीडीपी के 80 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के उपाय बताए गए हैं जो डबल इंजन की सरकार लागू करेगी। उद्योग राज्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षों में औद्योगिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय और नीतियां लागू की गई हैं। राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए 35 लाख करोड़ रुपये में से 8 लाख करोड़ रुपये निवेश समझौते धरातल पर उतर गए हैं। इसके साथ ही, पिछले वर्ष हर दिन लगभग 8 उद्योगों को जमीन आवंटित की गई। साथ ही, औद्योगिक आधारभूत उन्नयन एवं विकास के लिए गत एक वर्ष में जो राशि खर्च की गई है, वो 50 वर्षों में सर्वाधिक है।

निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निवेशकों और उद्योगों के लिए सिंगल विंडो 2.0 प्लेटफॉर्म के तहत 'एक आवेदन और एक डिजिटल ट्रैक' के माध्यम से सभी विभागीय स्वीकृतियां देने की व्यवस्था की जाएगी। इस बजट में किए गए प्रावधानों से औद्योगिक विकास यह गति और मजबूत होगी। रिन्यूएबल एनर्जी, ई-व्हीकल, ग्रीन हाइड्रोजन एवं ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए एनर्जी ट्रांजिशन स्किलिंग क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में और नए लॉजिस्टिक हब विकसित किए जाने के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग से इनलैण्ड कंटेनर डिपो और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब आदि की स्थापना की जाएगी।

### दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि क्षेत्रों के लिए 590 करोड़ रुपये के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान : गौतम कुमार दक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि वर्ष 2026-27 का राज्य बजट विकसित राजस्थान ञ्च 2047 के विज़न को ठोस आधार प्रदान करने वाला विकासोन्मुखी एवं सर्वस्पर्शी बजट है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा तथा इससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत इस बजट में युवा कल्याण, आधारभूत संरचना, अपराध नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, ऊर्जा, कृषि एवं कृषक कल्याण, सहकारिता, उद्योग, और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों को संतुलित प्राथमिकता दी गई है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा की गई घोषणाएं राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की प्रतिबद्धता का परिचायक हैं। बजट में युवा, महिला, किसान एवं श्रमिक आदि सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि बजट में सहकारी सेक्टर की मजबूती के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गए हैं, जिससे 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को बल मिलेगा। किसानों को आर्थिक चिन्ता से मुक्ति दिलाने के लिए आगामी वर्ष में 35 लाख कृषकों को 25 हजार करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध करवाने का बजट में प्रावधान किया गया है।

## बजट में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और समग्र विकास का रोडमैप : चिकित्सा मंत्री



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत राज्य का वर्ष 2026—27 का बजट स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के साथ ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री सु दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में महिला, युवा, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के उत्थान एवं विकसित राजस्थान का दूरदर्शी विजन है। यह बजट आमजन को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि बजट में वंचित पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर आरोग्य शिविरों का आयोजन करने की महत्वपूर्ण घोषणा की गई है, जिससे हर परिवार को निःशुल्क उपचार का लाभ मिल सकेगा। जयपुर स्थित जेके लोन अस्पताल में 500 बेड क्षमता का अत्याधुनिक आईपीडी टावर स्थापित होने से शिशु एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार होगा। प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों जयपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा और जोधपुर — के संबद्ध अस्पतालों में 500 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक विश्राम गृहों का निर्माण होने से मरीजों के परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। खींवसर ने कहा कि प्रदेश में चरणबद्ध रूप से 500 अतिरिक्त ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन काउंटर स्थापित किए जाने की घोषणा से दवा वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी और सुलभ बनेगी।सड़क दुर्घटना, प्रसूति एवं हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने हेतु राज सुरक्षा योजना लागू की जाएगी, जिससे आपातकालीन चिकित्सा तंत्र और अधिक प्रभावी होगा। इसी प्रकार मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए राज ममता योजना प्रारंभ करने की घोषणा की गई है।

## विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को साकार करेगा राज्य बजट, :जल संसाधन मंत्री



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने राज्य बजट को जनकल्याण, आधारभूत संचरना विकास और संसाधनों के सुनियोजित उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण भविष्योन्मुखी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार रखा है। रावत ने बताया कि विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य बजट मील का पत्थर साबित होगा। इसमें जल संसाधन क्षेत्र के लिए विशेष घोषणाएं हुई हैं। ये प्रदेश में सिंचाई विस्तार, जल संरक्षण और दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह बजट राज्य को जल आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में अहम साबित होगा। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से यमुना जल लाने की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया गया है। बुधवार को पेश बजट में इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 32 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान है। इससे शीघ्र ही परियोजना के कार्य शुरू हो सकेंगे। इसके पूर्ण होने पर सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित पूरे शेखावाटी अंचल को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सतत प्रयासों और केन्द्र सरकार के सहयोग से शेखावाटी क्षेत्र की तीन दशक पुरानी मांग अब साकार होने जा रही है।

## युवा, किसान, महिलाओं और ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक बजट:: डॉ. किरोड़ी लाल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि राज्य का बजट 2026-27 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करते हुए 'विकसित राजस्थान 2047' के विजन को मूर्त रूप देने वाला है। यह बजट प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, आत्मनिर्भर बनाने और अन्नदाता की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।


उन्होंने कहा कि यह बजट आमजन, कृषक, पशुपालकों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से कृषि बजट में इस वर्ष 7.59 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। कृषि विकास, कृषक कल्याण और अन्नदाता की आय में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, क्षमता विकास, कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं।



सूक्ष्म सिंचाई के विस्तार हेतु वर्ष 2030 तक क्षेत्र को 24 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आगामी वर्ष लगभग 3 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिस पर 1 हजार 340 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिससे 3 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

साथ ही 50 हजार सोलर पंप संयंत्रों की स्थापना पर 1,500 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्नत तकनीक को बढ़ावा देते हुए 200 करोड़ रुपये के अनुदान से 4 हजार किसानों के खेतों पर ग्रीन हाउस, पाली हाउस, शेड नेट, लो टनल और प्लास्टिक मल्च स्थापित किए जाएंगे। उद्यानिकी विकास के तहत औषधीय पौधों, मसाला फसलों, फूलों और सब्जियों की खेती को प्रोत्साहन दिया जाएगा। कृषि यंत्रीकरण के अंतर्गत 160 करोड़ रुपये के अनुदान से 50 हजार किसानों को पावर टिलर, डिस्क प्लाऊ, कल्टीवेटर, हैरो और रीपर जैसे एंटी उपलब्ध कराए जाएंगे। 96 करोड़ रुपये की लागत से 500 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देते हुए 8 हजार डिग्गियां, 15 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन और आगामी दो वर्षों में 36 हजार फार्म पॉन्ड निर्माण के लिए 585 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया जाएगा, जिससे 80 हजार से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

### नई घोषणाओं की बौछारों से सरकार के प्रति अविश्वास पैदा होगा :रामपाल जाट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को पेश किए गए बजट 2026-27 को लेकर किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा है कि पिछले वर्ष के बजट की घोषणाएं तो पूरी हुई नहीं और फिर इस वर्ष के बजट में नई घोषणाओ की बौछारें की गई, जो सरकार के प्रति जनता में अविश्वास उत्पन्न करती बजट भाषण में अंग्रेजी शब्दों का प्रचुरता से प्रयोग हुआ है, यह हिंदी भाषा का तो अपमान है ही, हिंदी भाषी जन के लिए समझ से बाहर है। यथा- कृषि उपज के दाम के लिए विपणन तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए बजट 2025- 26 में डीडवाना में परबतसर, अजमेर में रुपनगढ़, टोंक में बनेठा, जैतारण में बर मंडियो के निर्माण के लिए घोषणा की गई थी किंतु इनमें से एक भी स्थान पर भूमि आवंटन एवं निर्माण का काम आरंभ नहीं हुआ। जाट ने कहा कि कोटा की भामाशाह तथा बारां मंडियों के विस्तार के लिए भी घोषणा की गई थी किंतु वह भी अभी तक आरंभ नहीं हुई। सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों की घोषणा भी मूर्त रूप नहीं ले सकी है। बजट 2024 -25 में मांगते ही कनेक्शन देने की दिशा में 31 मार्च 2024 तक के लंबित कनेक्शन में से 1,45000 कृषि कनेक्शन देने की घोषणा अधूरी है। इसी प्रकार वर्ष 2025- 26 के बजट में 50,000 कृषि कनेक्शन देने की स्थिति भी अधूरी है, अभी तक 2022, 2023 एवं 2024 के कृषि कनेक्शन भी लंबित चल रहे हैं।

### विकसित एवं उन्नत राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला सर्वस्पर्शी बजट : सीपी जोशी



**चित्तौड़गढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** चित्तौड़गढ़ सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने राजस्थान सरकार द्वारा वित्त मंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट को जनकल्याणकारी, विकासोन्मुखी एवं दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 'सर्व सुखाय, सर्व हिताय' की भावना के अनुरूप हर वर्ग का ध्यान रखने वाला सांसद सीपी जोशी ने कहा कि बजट में 42 हजार किलोमीटर सड़कों के विकास, 500 करोड़ की लागत से 250 अटल प्रगति पथ बनाने, पेयजल परियोजनाओं के लिए 24 हजार करोड़ के वर्क ऑर्डर जारी करने, एक साल में 3 लाख नए नल कनेक्शन जारी करने, 6500 गांवों को हर घर नल से जोड़ने, 350 करोड़ की लागत से नए इंडस्ट्रियल पार्क बनाने, 15 करोड़ की लागत से मिट्टी कलाकारों को इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध करवाने, सभी संभाग मुख्यालयों को सिग्नल फ्री करने, चित्तौड़गढ़ में कुंभा पार्क डेवलप करने के लिए 31 करोड़ की घोषणा हुई है। सांसद सीपी जोशी ने कहा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक जिले में इंडस्ट्री पार्टनर को जोड़कर सेंटर खोले जाने, एआई स्टार्टअप प्रोग्राम शुरू करने, प्रदेश के कॉलेजों में नए संकाय खोलने, सीएम स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख तक ब्याज फ्री कर्ज/अनुदान दिए जाने, जलवायु नीति और ऊर्जा क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ के निवेश का रोडमैप तैयार करने, लखपति दीदी योजना में कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख करने, ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षित महिलाओं को उनके घर के पास ही रोजगार देने के लिए जिला स्तर पर रूरल वूमेन बीपीओ स्थापित करने, प्रदेश की 7,500 आंगनबाड़ियों को आधुनिक नंद घर के रूप में विकसित करने के लिए 225 करोड़ रूपये का प्रावधान।

### 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना से प्रेरित राजस्थान बजट :अरुण चतुर्वेदी

*350 बिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य*



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।**राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि विधानसभा में प्रस्तुत राजस्थान बजट 2026-27 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना से प्रेरित एक समावेशी और दूरदर्शी बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और 'सिटीजन फर्स्ट' के संकल्प के अनुरूप प्रदेश को विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में तेजी से अग्रसर करेगा। चतुर्वेदी ने कहा कि बजट समाज के सभी वर्गों गरीब, युवा, अन्नदाता किसान, नारी, मजदूर एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास' की मूल भावना इस बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, उद्योगों के विस्तार, कृषि एवं पशुपालन के सशक्तीकरण और निवेश प्रोत्साहन से प्रदेश में व्यापक रोजगार सृजन होगा। वर्ष 2028-29 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य सरकार की मजबूत आर्थिक दृष्टि को दर्शाता है। वित्त आयोग अध्यक्ष ने कहा कि कृषि प्रधान राजस्थान में किसानों और ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है,।

# उप-प्राचार्य ने बांटे स्वेटर और बेल्ट, बच्चों के चेहरे खिले



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोज्याणा जोहड़ा, बेरी में बुधवार का दिन विद्यार्थियों के लिए खास बन गया, जब विद्यालय की उप–प्राचार्य श्रीमती आँचल चौधरी ने बच्चों को स्कूल गणवेश के स्वेटर व बेल्ट का वितरण किया। यह आयोजन न सिर्फ सर्दी से राहत देने वाला बना, बल्कि संवेदनशील प्रबंधन की मिसाल भी बना।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती सुशीला कुमारी दूत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी.एम.सी. सदस्य श्री चेताराम जी मील उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती आँचल चौधरी का विशेष रूप से सम्मान किया गया।विद्यालय के शिक्षकों— श्रीमती अंजु, श्री अशोक कुमार, श्रीमती सोहनी देवी, श्रीमती अंकिता, श्रीमती कमला, श्रीमती सुमन देवी व श्री दीनदयाल—ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रधानाचार्य श्रीमती दूत सहित समस्त स्टाफ ने श्रीमती चौधरी के इस परोपकारी प्रयास की भूरि–भूरि प्रशंसा की। गौरतलब है कि इससे पहले 26 जनवरी को भी श्रीमती चौधरी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए थे। उनके इस निरंतर योगदान से अभिभावकों व स्थानीय समुदाय में भी गर्मजोशी का माहौल है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने श्रीमती चौधरी एवं उनके परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस नेक परंपरा को जारी रखने की इच्छा जताई।

## ब्राह्मण समाज के मंदिर श्री दामोदर जी महाराज में श्रीमद् भागवत कथा वाचन के साथ ही हुआ

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन



**वैर ( हुक्मनामा समाचार )।** ब्राह्मण समाज के मंदिर श्री दामोदर जी महाराज में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन हुआ जिसमें श्री गणेश जी एवं भगवान परशुराम की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा विद्वान आचार्यों द्वारा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए दिलीप शर्मा लखनपुर वाले एवं परशुराम जी की प्रतिमा के लिए गिर्राज भारद्वाज द्वारा भामाशाह की भूमिका निभाई गई। इसके अलावा समाज के अध्यक्ष इंद्र मोहन शर्मा एवं हरीश भारद्वाज एडवोकेट ने भी भामाशाह होने का दायित्व निभाया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर धार्मिक समारोह को सफल बनाने के लिए उत्साह पूर्वक दान दिया । ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 8 लख रुपए से भी अधिक की धनराशि धार्मिक समारोह के लिए एकत्रित हुई है तथा दान दाता उत्साह पूर्वक सामने आ रहे हैं। श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन आचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ला द्वारा किया जा रहा है। जिनके द्वारा कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण लीला गोवर्धन लीला एवं कृष्ण द्वारा की गई बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर वीक्षकों की बैठक

# केंद्राधीक्षक ने दिए कड़े निर्देश



**बनेठा ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से प्रदेशभर में शुरू हो रही हैं। इसी को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में परीक्षाओं के सफल संचालन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वीक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्राधीक्षक हेम चन्द बैरवा ने उपस्थित सभी वीक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि परीक्षा ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने और छात्रों की सघन तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश देने पर जोर दिया। बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए स्थानीय स्तर पर एक विशेष उड़नदस्ते का गठन किया गया है। यह टीम परीक्षा के दौरान औचक निरीक्षण करेगी ताकि नकल या अन्य किसी भी अनुचित गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके। बैठक को अतिरिक्त केन्द्रा धीक्षक सुरेश कुमार रैगर और बोर्ड परीक्षा प्रभारी रमेश चंद मीणा ने भी संबोधित किया। उन्होंने वीक्षकों को परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, उत्तर पुस्तिकाओं के सही वितरण और समय प्रबंधन को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

# इंटर्नशिप से सशक्त होंगी छात्राएं : डॉ. अखय राज मीणा



**सिकंदरा ( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, सिकंदरा मैं बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर छात्राओं को इंटर्नशिप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अखय राज मीणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक ज्ञान के साथ–साथ व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि छात्राएं भविष्य की चुनौतियों के लिए मानसिक एवं रचनात्मक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं को प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कंपनियों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर कन्हैयालाल बैरवा ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, कौशल संवर्धन एवं रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशेषज्ञ वक्ताओं ने छात्राओं को कार्यस्थल की अपेक्षाओं, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं व्यावसायिक नैतिकता के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

# नाबालिगा का देह शोषण कर उसे गर्भवती करने एवं मारपीट के मामले में 27 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** नाबालिगा से शादी कर दुष्कर्म करने एवं उसे गर्भवती करने के दर्ज प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 27 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि बिहार निवासी 13 वर्षीय बालिका ने अपने बयान में बताया है कि उसकी शादी करीब आठ माह पूर्व रतनगढ़ के रहने वाले 27 वर्षीय दीपक के साथ हुई थी। आरोपी शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था, तथा उसे दो बार गर्भवती कर चुका है। बिना उसकी मर्जी के आरोपी उसका देह शोषण करता था, जिसके कारण वह गर्भवती हुई थी। 22 अगस्त को आरोपी शराब के नशे में सरिये से उसके साथ मारपीट की। चाइल्ड हेल्प लाइन की सहायता से उसे वहां से छुड़ाकर चूरू के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर पुलिस ने पर्चा बयान पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार किया है।

# सैमसंग 25 फरवरी को होस्ट करेगा गैलेक्सी अनपैक्ड, कंपनी का अगला एआई फोन जिंदगी को आसान बनाएगा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** तैयार हो जाइए एक ऐसे मोबाइल अनुभव के लिए, जो आपकी रोज़ाना की मुश्किलों को खत्म कर देगा। अब आ रही है नई गैलेक्सी ऽ सीरीज़ – जो आपके हर दिन के कामों को बेहद आसान और बेहतर बनाएगी। इसमें 'गैलेक्सी एआई' को इस तरह जोड़ा गया है कि इसे इस्तेमाल करना बहुत ही सहज और सरल होगा, जिससे आपका काम करने का अंदाज़ और भी निखर जाएगा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को में गैलेक्सी अनपैक्ड का आयोजन करेगा। हमारे साथ जुड़िए क्योंकि हम सैमसंग के नए गैलेक्सी इनोवेशन्स को पेश करेंगे। यह एआई के युग में एक नए दौर की शुरुआत होगा जहां इंटेलिजेंस वास्तव में पर्सनल एवं एडैप्टिव बन जाएगी। यह इवेंट सैमसंग डॉट कॉम, सैमसंग न्यूज़रूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम होगा, जो रात 11:30 बजे भारतीय समयानुसार शुरू होगा। तो हमारे साथ बने रहिए और गैलेक्सी अनपैक्ड फरवरी 2026 से पहले आने वाले सभी टीज़र्स, ट्रेलर्स, अपडेट्स और एक्सक्लूसिव बेनिफिट्स पाने के लिए सैमसंग डॉट कॉम / अनपैक्ड पर रजिस्टर ज़रूर करें।

# महाशिवरात्रि का पर्व 15 को

**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** महाशिव पर्व 15 फरवरी रविवार को सांयकाल 17.05 बजे से चतुर्दशी तिथि का शुभारंभ उतराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 19.48 बजे तक उपरान्त श्रवण नक्षत्र का शुभारंभ होगा। मनु ज्योतिष एवं वास्तु शोध संस्थान टोक के निदेशक बाबूलाल शास्त्री ने बताया कि महाशिवरात्रि पर रात में किसी शिव मंदिर में दीपक जलाएं। शिव पुराण के अनुसार कुबेर देव ने पूर्व जन्म में रात के समय शिवलिंग के पास रोशनी की थी, इसी वजह से अगले जन्म में वे देवताओं के कोषाध्यक्ष बने। महाशिवरात्रि पर छोटा सा पारद (पारा) शिवलिंग लेकर आएं तथा घर के मंदिर में इसे स्थापित करें। शिवरात्रि से शुरू करके रोज इसकी पूजा करें । इस उपाय से घर की दरिद्रता दुर होती है तथा लक्ष्मी कृपा बनी रहती है। यदि आप चाहें तो शिवरात्रि पर स्फटिक के शिवलिंग की पूजा कर सकते हैं। घर के मंदिर में जल, दूध, दही, घी, शहद एवं शक्कर से इस शिवलिंग को स्नान कराएं । मंत्र ओम नमः शिवाय । मंत्र जप कम से कम 108 बार करें। हनुमानजी भगवान शिव के ही अंशावतार माने गए हैं। शिवरात्रि पर हनुमान चालीसा का पाठ करने से हनुमानजी एवं शिवजी की प्रसन्नता प्राप्त होती है। इनकी कृपा से भक्त की सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। किसी सुहागिन को सुहाग का सामान उपहार में दें, जो यह उपाय करते हैए उनके वैवाहिक जीवन की समस्याएं दूर हो सकती हैं। सुहाग का सामान जैसे लाल साड़ी, लाल चूडियां, कुम–कुम आदि। महाशिवरात्रि पर किसी जरुरतमंद व्यक्ति को अनाज एवं धन का दान करें। शास्त्रों में बताया गया है कि गरिबों को दान करने से पुराने सभी पापों का असर खत्म हो सकता है तथा अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर सीएमपीओ कार्यशाला आयोजित

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रयत्न संस्था की परियोजना कवच के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय सीएमपीओ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव रेखा यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हवा सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा एवं सदस्य माजिद सरीफी ने की। सचिव रेखा यादव ने बताया कि नालसा की मानक संचालन प्रक्रिया 2025 के तहत बाल विवाह की रोकथाम, पीड़ितों को कानूनी सहायता व पुनर्वास की कार्ययोजना लागू की गई है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत यह दंडनीय अपराध है। वक्ताओं ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए जन–जागरूकता पर जोर दिया।

# सरकारी स्कूल के खेल मैदान निरस्त

## मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर दिया ज्ञापन



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम बाजोर में सरकारी स्कूल के खेल मैदान को निरस्त करने को लेकर ग्रामिणों में भारी विरोध व्याप्त है। विरोध प्रदर्शन लगातार परवान पर है। स्कूल खेल मैदान को पुनः बहाल करने व प्राचार्य को बर्खास्त करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर सीकर को ज्ञापन दिया गया। जानकारी देते हुए अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि प्राचार्य द्वारा षड़यंत्र पूर्वक खेल मैदान को खारिज करवाने में अहम भूमिका निभाई है जो बच्चों के भविष्य के साथ कुठाराघात है।

वर्मा ने प्राचार्य के इस आचरण को आजाद भारत के एकलव्य के अगूंठे काटने की घटना बताया ।बाजोर फाउण्डेशन सीकर के संस्थापक मोहन बाजोर ने कहा कि वर्तमान डबल इंजन की सरकार बच्चों को खेल से जोड़कर सर्वांगिण विकास की बात करती है लेकिन नौकरशाही सरकार से बड़ी हो गई है और आनन–फानन में खेल मैदान को निरस्त कर अपनी दूषित मानसिकता का परिचय दिया है। बाजोर ने मुख्यमंत्री से खेल मैदान को बहाल करने की मांग की है। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर को भी ज्ञापन देकर विभागीय स्तर पर इस मामले की जांच करने का निवेदन किया गया।

# ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ ने हनुमानगढ़ में ग्रीनलैम शॉपी लॉन्च के साथ राजस्थान में अपनी रिटेल मौजूदगी को किया और मज़बूत

**हनुमानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज, जो 120 से ज़्यादा देशों में मौजूद इंटीग्रेटेड सबस्ट्रेट और सरफेस सॉल्यूशंस में एक बड़ा नाम है, ने ग्रीनलैम शॉपी – जय श्री लैमिनेट्स के उद्घाटन की घोषणा की है, जो हनुमानगढ़ शहर में पहला ग्रीनलैम शॉपी होगा। भद्रकाली मंदिर रोड पर, स्वास्तिक फैक्ट्री के पीछे, इस शोरूम का मकसद इस इलाके में प्रीमियम इंटीरियर सरफेस सॉल्यूशन की बढ़ती मांग को पूरा करना है।शोरूम का उद्घाटन ग्रीनलैम टीम के खास सदस्यों की मौजूदगी में मालिक श्री सहदेव लाल बंसल ने किया। लॉन्च इवेंट में हनुमानगढ़ और आस–पास के शहरों के आर्किटेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर और कस्टमर शामिल हुए, जो ऑर्गनाइज़्ड, डिज़ाइन–लेड रिटेल फ़ॉर्मैट में ज़बरदस्त दिलचस्पी दिखाता है।इस अवसर पर बोलते हुए, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कंट्री हेड–ग्रीनलैम लैमिनेट्स एंड एलाइड बिजनेस वर्टिकल, श्री अनुज संगल ने कहा, 'हनुमानगढ़ में ग्रीनलैम शॉपी का लॉन्च हमारे डिजाइन–फॉरवर्ड और परफॉर्मेंस–ड्रिवन सरफेस सॉल्यूशंस को उभरते बाजारों के करीब लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शॉपी की कल्पना एक वन–स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में की गई है जहाँ आर्किटेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर और घर के मालिक हमारे प्रोडक्ट्स को बड़े पैमाने पर अनुभव कर सकते हैं।

# किसान महापंचायत की तैयारियों के लिए गांवों में किया जनसंपर्क



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर 25 फरवरी को उपखंड कार्यालय पर आयोजित होने वाली किसान महापंचायत की तैयारियों को लेकर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए गांवों में बैठकों के माध्यम से किसानों को महापंचायत में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज बीरमसर, बछरारा, जांदवा, खुडेरा बड़ा व छोटा, मालिसर छोटा, रतनसरा,खारिया सेहला, दाउदसर, कांगड़ एवं लधासर गांवों में व्यापक जनसंपर्क किया गया। अभियान का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू ने किया। उनके साथ तहसील सचिव गोपीचंद खीचड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिरजूराम, राजलदेसर उपाध्यक्ष विजयपाल कड़वासरा तथा किसान नेता गिरधारी पूनिया उपस्थित रहे।

बैठकों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि क्षेत्र के किसान भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा नहीं मिलने, सौर ऊर्जा कंपनियों की मनमानी, फसल नुकसान की भरपाई में देरी, बिजली आपूर्ति की अनियमितता, सिंचाई पानी की कमी, आवारा पशुओं से फसलों को भारी नुकसान, बढ़ती कृषि लागत तथा उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों की जमीन और मेहनत पर किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी किसानों, खेत मजदूरों और ग्रामीण साथियों से महापंचायत में बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया।

# खैरथल के मुख्य बाजारों में शौचालय नहीं, महिलाएं परेशान

**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे के मुख्य बाजारों में महिलाओं के लिए शौचालय की सुविधा नहीं होने से रोजाना आने वाली महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों के अनुसार रेलवे फाटक से मातौर रोड, किशनगढ़ रोड और सब्जी मंडी में कहीं भी महिला टॉयलेट उपलब्ध नहीं है, जिससे महिलाएं बाजार आने से कतराने लगी हैं। नगर परिषद के पास चलित शौचालय की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद इसे सही जगह पर स्थापित नहीं किया गया।

वैश्य महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि उन्होंने कलक्टर को पत्र लिखकर पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में पिंक टॉयलेट बनवाने की मांग की थी। इस क्षेत्र में चार बड़े मंदिर और पार्क हैं, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं दूर–दराज से आती हैं, लेकिन टॉयलेट की कमी के कारण उन्हें परेशानी और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय महिलाएं और सामाजिक संगठन नगर परिषद से मांग कर रहे हैं कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

# जिला कलक्टर ने किया विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं की वस्तुस्थिति के प्रत्यक्ष आंकलन के उद्देश्य से जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंडा भगवान दास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन में हुई वृद्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे संस्था प्रधान एवं शिक्षकों के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम बताया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की जाँच की तथा मिड.डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत दुग्ध वितरण की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पोषाहार वितरण व्यवस्था सुचारू पाई गई। विद्यालय में शैक्षणिक स्टाफ की न्यूनता के विषय पर जिला कलक्टर ने संज्ञान लिया। संस्था प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि रिक्त पदों के संबंध में उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव प्रेषित किए जा चुके हैं जिस पर जिला कलक्टर ने आश्वस्त किया कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही विद्यालय की सुरक्षा दीवार के निर्माण हेतु लंबित प्रस्ताव पर चर्चा की गई और निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने विद्यालय परिसर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने नौनिहालों के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देने की बात कही। केंद्र प्रभारी को परिसर में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने तथा ब%चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभागीय मापदंडों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता को श्रद्धा सुमन अर्पित



**झुंझुनू (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा' एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता और जनसंघ के संस्थापक परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती हर्षिनी कुलहरी ने सभी कार्यकर्ताओं को पंडित जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठन कर्ता थे।वह भारतीय जन संघ के अध्यक्ष भी रहे उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकुल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी वह एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत व सशक्त भारत चाहते थे।

**इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने आज राजस्थान सरकार के द्वारा पेश किये गये बजट को सुना**- कार्यक्रम में जिला महामंत्री श्री वीरपाल सिंह शेखावत, योगेंद्र मिश्रा, दिलीप सैनी जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, भूपेंद्र सिंह शेखावत, अजय चाहर, महावीर ढाका जिला प्रवक्ता हनुमान सिंह, संजय मोरवाल, राजकुमार मुंड, जिला मीडिया प्रभारी ललित जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला, जिला मंत्री विनोद कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सुरा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सिंह माठ, राजेंद्र चौधरी, सुमेर कड़वासरा, सुरेंद्र, महेंद्र, अनिल, मुकेश, शुभकरण, विनोद, कमलकांत शर्मा, कृष्ण कुमार, ताराचंद सैनी, जगदीश गोस्वामी, नरेंद्र आदि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंगीलो महोत्सव में महामूर्खाधिराज बनाने पर ओमप्रकाश सिंघल का किया सम्मान



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रंगीलो महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष सर्व समाज महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल के महामूर्खाधिराज बनने पर युवा अग्रवाल महासभा के सदस्यों द्वारा स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी साथियों ने ओमप्रकाश सिंघल का दुपट्टा पहनाकर माल्यार्पण कर एवं अभिनंदन कर सम्मान किया तथा उन्हें बधाई दी।

स्वागत समारोह में कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल आशीष गुप्ता मिलन अग्रवाल मनोज सिंघल गौरव गोयनका रवि गोयल पंकज गोयल शिवम जिंदल उपेंद्र गोयल एवं युवा अग्रवाल महासभा के अनेक साथी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने तरुण मित्र मंडली समाज समिति का आभार जताया कि उन्होंने ये सम्मान दिया गया होली के त्यौहार पर इस अनूठी यात्रा में सभी भरतपुर वासियों से शामिल होने का आग्रह भी किया।

# परंपरा और विज्ञान का संगम है यूनानी चिकित्सा-प्रो. वैद्य गोविंद सहाय शुक्ला

### विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर किडनी डिसऑर्डर्स पर सेमिनार का सफल आयोजन




**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी, टोंक द्वारा कृषि ऑडिटोरियम, टोंक में ' मैनेजमेंट आफ किडनी डिसऑर्डर्स थ्रू एविडेंस बेस्ड युनानी मेडिसिन' के विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। सेमिनार में देश भर से शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ला रहे माननीय कुलपति महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति हमारी समृद्ध परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण अपनाकर यूनानी चिकित्सा को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई जा सकती है उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर यूनानी चिकित्सा की अपार संभावनाएँ हैं यूनानी चिकित्सा को शोध एवं नवाचार से नई ऊंचाइयाँ मिलेंगी कुलपति महोदय ने विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर शब्बीर अहमद रहे, जिन्होंने वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर यूनानी चिकित्सा पद्धति द्वारा गुर्दा रोगों के प्रभावी उपचार पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यूनानी चिकित्सा में मौजूद औषधीयां एवं उपचार पद्धतियाँ आधुनिक शोधों द्वारा प्रमाणित हो रही हैं तथा किडनी रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कॉलेज के नोडल अधिकारी महोदय डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रति समाज में विश्वास लगातार बढ़ रहा है उन्होंने इस को सेमिनार को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करते हैं तथा चिकित्सा क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। सेमिनार में वेलकम स्पीच कॉलेज की उप प्राचार्य डॉक्टर नाजिया शमशाद ने दी।

# मालवाहक वाहनों का वार्षिक कर 28 फरवरी तक करवाएं जमा

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला परिवहन कार्यालय श्रीगंगानगर में पंजीकृत सभी वार्षिक कर देय वाले मालवाहक वाहनों के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिन मालवाहक वाहनों का वर्ष 2025-26 तथा वर्ष 2025-26 से पूर्व के वर्षो का वार्षिक कर बकाया है, वे अपने मालवाहन का बकाया कर 28 फरवरी 2026 तक आवश्यक रूप से जमा करवायें। 28 फरवरी 2026 तक बकाया कर जमा नही करवाये जाने की स्थिति में संबंधित डिफाल्टर वाहन स्वामियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

जिला परिवहन अधिकारी श्री देवानन्द ने बताया कि ई-रव्वना, ई-डिटेक्शन टोल के माध्यम से प्राप्त डाटा अनुसार गंगानगर जिले में पंजीकृत डिफॉल्टर भार वाहन, यात्री वाहन, टैक्सी-मैक्सी वाहन संचालित किये जा रहे है। ऐसे वाहन स्वामियों को विभाग द्वारा बार-बार नोटिस एवं उनके मोबाइल पर मेसेज जारी किये जाने के बावजुद भी उनके द्वारा बकाया कर जमा नही करवाया गया है। डिफॉल्टर वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वाहनों की सीज कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। डिफॉल्टर वाहनों के वाहन स्वामियों के अन्य पंजीकृत वाहनों को भी सीज किया जा रहा है।

परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा वाणिच्यक कर विभाग. जी.एस.टी विभाग, आयकर विभाग तथा रिर्जव बैक ऑफ इंडिया के सहयोग से बकाया कर बसूली हेतु प्रयास किये जा रहे है। वाहन स्वामियां द्वारा निर्धारित तिथी तक बकाया कर जमा नही करवायें जाने की स्थिति में जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी एवं संबंधित तहसीलदार से भू-सम्पति, भुमि कुर्की, अचल सम्पति आदि का ब्यौरा मांगकर भूराजस्व अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। इस हेतु पुलिस विभाग खनन विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर बसूली की जा रही हैं।

## जियोफाइनेंस ऐप पर अब अलग-अलग बैंकों और NBFC की एफडी सुविधा उपलब्ध

**एफडी में निवेश हुआ आसान, जियोफाइनेंस ऐप पर 8.15% तक ब्याज के विकल्प**

**पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया, एक डैशबोर्ड से आसान ट्रैकिंग**

**मुंबई (एजेंसी)।** जियोफाइनेंस ऐप ने अपने प्लेटफॉर्म पर कई बैंकों और एनबीएफसी की फिक्स्ड डिपॉजिट (स्नष्ठ) सेवाएं शुरू की हैं। इससे ग्राहकों को अब अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे एक ही ऐप पर विभिन्न बैंकों की एफडी की तुलना कर निवेश कर सकेंगे।

ऐप पर यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक और महिंद्रा फाइनेंस सहित कई संस्थानों की एफडी उपलब्ध हैं। यूजर्स ब्याज दर के आधार पर विकल्पों को फिल्टर कर सकते हैं। जियोफाइनेंस ऐप पर 8.15% सालाना तक की ब्याज दर की पेशकश की जा रही है।

पूरी प्रक्रिया एंड-टू-एंड डिजिटल है, जिससे कुछ ही मिनटों में एफडी बुक की जा सकती है। साथ ही एकीकृत डैशबोर्ड के जरिए रिटर्न, मैच्योरिटी डेट और रिन्यूअल रिमाइंडर की सुविधा भी ग्राहकों को मिलेगी।

जियोफाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड के सीईओ सुरभे एस. शर्मा ने कहा, 'एफडी देश में बचत का एक लोकप्रिय विकल्प है, लेकिन ग्राहकों को अक्सर अलग-अलग एफडी विकल्पों की तुलना करने और निवेश ट्रैक करने में दिक्कत होती है। जियोफाइनेंस ऐप के जरिए हम रिसर्च, तुलना, बुकिंग और ट्रैकिंग की पूरी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और डिजिटल बना रहे हैं, ताकि यूजर्स अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार बेहतर निर्णय ले सकें।'

### लैब टैक्निशियन प्लेसमेन्ट कार्मिक 25,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**भरतपुर।** एसीबी करौली टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुये ब्लड स्टोरेज यूनिट बीएसयू राजकीय जनाना चिकित्सालय का लैब टैक्निशियन प्लेसमेन्ट कार्मिक 25000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार। एसीबी करौली प्रभारी जगदीश भारद्वाज ने बताया कि एसीबी चौकी करौली को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से उसको जनाना चिकित्सालय भरतपुर में संविदा पर टॉली पूलर वार्ड वॉय के पद पर नियुक्ति देने की एवज में 30,000 रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। मामले का सत्यापन किया और राम कुमार लैब टैक्निशियन प्लेसमेन्ट कार्मिक ब्लड स्टोरेज यूनिट राजकीय जनाना अस्पताल भरतपुर को परिवादी से 25,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी टीम आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।

## अरावली संरक्षण यात्रा का भव्य स्वागत, वसुंधरा कॉलोनी में हुआ युवा संवाद

**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** आज अरावली संरक्षण यात्रा गंगापुर सिटी पहुंची, जहां वसुंधरा कॉलोनी स्थित मीन भगवान मंदिर परिसर में यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और एक महत्वपूर्ण युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।




यात्रा का औपचारिक स्वागत राजस्थान किसान मजदूर नौजवान सभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष जवान सिंह मोहचा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गुजरात से शुरू होकर दिल्ली तक जाने वाली यह अरावली संरक्षण यात्रा केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज, जंगल, जमीन और जल को बचाने का जनांदोलन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अरावली रेंज के जिलों में सरकार स्थानीय ग्रामीणों को विस्थापित कर रही है और गांवों के प्राकृतिक संसाधन कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने की कोशिश कर रही है। यह नीति आदिवासियों, किसानों और मजदूरों के लिए विनाशकारी है। मोहचा ने आह्वान किया कि सभी आदिवासी, किसान, मजदूर और युवा एकजुट होकर एक साझा संगठन के रूप में इन जनविरोधी नीतियों का विरोध करेंगे और अपनी ग्रामीण सभ्यता, संस्कृति और आजीविका की रक्षा करेंगे।

## यूनानी विशेषज्ञ हकीम अजमल खां की जयंती पर बयाना के यूनानी अस्पताल में विश्व यूनानी दिवस मनाया

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना के राजकीय यूनानी अस्पताल में बुधवार को विश्व यूनानी दिवस मनाया गया। यह आयोजन यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रणेता और प्रसिद्ध समाज सुधारक हकीम अजमल खां की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. धर्मेन्द्र चौधरी थे। विशिष्ट अतिथियों में ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुनीता शर्मा और होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. दीपक शर्मा शामिल रहे। यूनानी चिकित्सा प्रभारी डॉ. सना अंजुम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि हर वर्ष 11 फरवरी को हकीम अजमल खां की जयंती पर विश्व यूनानी दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास में उनके योगदान को याद करना और इसके निवारक व उपचारात्मक दृष्टिकोण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने यह भी बताया कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2016 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी, और पहला विश्व यूनानी दिवस 2017 में केंद्रीय अनुसंधान संस्थान यूनानी चिकित्सा, हैदराबाद में आयोजित हुआ था।

यूनानी अस्पताल प्रभारी डॉ. सना अंजुम ने जानकारी दी कि भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति का इतिहास 10वीं शताब्दी से जुड़ा है। हालांकि, इसे पुनर्जीवित कर आधुनिक स्वरूप देने का श्रेय हकीम अजमल खां को जाता है। उनका जन्म 11 फरवरी 1868 को हुआ था। वे एक प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक, विद्वान, समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और यूनानी चिकित्सा शिक्षा के अग्रदूत थे। उन्होंने वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. अंजुम ने आगे बताया कि हकीम अजमल खां जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली और आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज, नई दिल्ली के संस्थापकों में से एक थे। उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 'मसीह-उल-मुल्क' की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर वीरेंद्र कांवर, सत्यप्रकाश छाबड़ी, रवि लवानिया, महेश शर्मा,सत्यप्रकाश अग्रवाल सहित चिकित्सा विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार और आमजन तक इसकी पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# आयुष भवन में विश्व यूनानी दिवस का भव्य आयोजन, हकीम अजमल खान को दी गई श्रद्धांजलि

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** आयुष भवन स्थित यूनानी निदेशालय में विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान यूनानी चिकित्सक हकीम मोहम्मद अजमल खान की जयंती पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।हकीम मोहम्मद अजमल ख़ान एक ओर जहाँ महान चिकित्सक, माहिर तबीब और हाज़िक हकीम थे, वहीं दूसरी ओर वे एक सच्चे देशभक्त एवं स्वतंत्रता सेनानी भी थे। वे महात्मा गांधी के निकट सहयोगी रहे तथा एक धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में समाज में एकता और



भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने हिंदू महासभा की बैठक की अध्यक्षता की, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक सदस्य रहे और इसके कुलपति भी रहे। इसके साथ ही उन्होंने क़रोलबाग, दिल्ली स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज की स्थापना की।हकीम साहब ग़रीबों का निःशुल्क इलाज करते थे तथा अमीरों से उनकी हैसियत के अनुसार शुल्क लेते थे। मानव सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'मसीह-उल-मुल्क' की उपाधि से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में निदेशालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जयपुर एवं आसपास के जिलों से आए यूनानी चिकित्सा अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत हकीम अजमल खान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।इस अवसर पर डॉ. मनमोहन खींची (अतिरिक्त निदेशक), डॉ. हनुमान प्रसाद (उप निदेशक), डॉ. देवेंद्र राजोरा (सहायक निदेशक), डॉ. शौकत अली (अतिरिक्त निदेशक) सहित अन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में डॉ. शौकत अली एवं डॉ. मोहम्मद अकरम ने हकीम अजमल खान के जीवन, उनकी सेवाओं तथा यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उन्हें मानवता और चिकित्सा सेवा का प्रतीक बताया।

# महिला सशक्तिकरण का बजट महिलाओं के साथ वित मंत्री दिया कुमारी ने हर वर्ग को फायदा दिया - सिद्धि कुमारी

**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर बीकानेर पूर्व विधानसभा विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी ने आज वित मंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट महिलाओं को सशक्त करेगा महिलाओं के साथ हर वर्ग को फायदा मिलेगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पेश होने वाला यह बजट समाज के हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख की गई 50 करोड़ की लागत से नए महिला पुनर्वास केंद्र खुलेंगे किशोरी बालिकाओं को पूरक पोषाहार का लाभ दिया जाएगा इससे 50 हजार बालिकाओं को फायदा दिया जाएगा सरकार का फोकस मजबूत रोड नेटवर्क और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर रहा है सिद्धि कुमारी ने भजनलाल सरकार का आभार जताते हुए कहा इस बजट में महिला, युवा, किसानों के लिए बड़े ऐलान किए गए हैं हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

## विकसित राजस्थान की संकल्पलना को साकार करने वाला बजट-श्याम पंचारिया

बीकानेर भारतीय जनता पार्टी देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विकसित राजस्थान की संकल्पलना को साकार करने वाला बजट पेश किया विधानसभा में बजट 2026-27 पेश कर दिया है राजस्थान बजट में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने इस बार किसानों का विशेष ध्यान रखा है अगले साल 50 हजार सोलर पंप लगाए जाएंगे जिसके लिए 1500 करोड़ खर्च होंगे किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर 160 करोड़ का अनुदान मिलेगा 8000 डिग्गियो का निर्माण होगा 36 हजार नए फार्म पॉन्ड बनाने के लिए अनुदान मिलेगा 80 हजार से ज्यादा किसानों को फायदा होगा 50 हजार किसानों को तारबंदी के लिए 288 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा कृषि विश्वविद्यालयो मे खाली पदों को भरा जाएगा अगले साल 400 से ज्यादा खाली पद भरेंगे ये सराहनीय कदम है 35 लाख किसानों को 25 हजार करोड़ के ब्याज मुक्त फसली कर्ज दिए जाएंगे इसके लिए 800 करोड़ ब्याज अनुदान पर खर्च किए जाएंगे सहकारी बैंकों से किसानों को दीर्घकालीन कृषि कर्ज पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा कृषि बजट से प्रदेश के किसान लाभान्वित होंगे भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित, तोलाराम कूकना, कैलाश सियाग, ने भी बजट की सराहना की।

## भाजपा की डबल इंजन की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला बजट : मनीष सोनी

बीकानेर भाजपा मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा आज विधानसभा में वित मंत्री दिया कुमारी ने बजट में भाजपा की डबल इंजन की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला बजट दिया है यह बजट न केवल प्रदेश के विकास की रफ्तार को तेज करेगा, बल्कि यह मुख्य रूप से आम आदमी की सुरक्षा और सुविधा पर केंद्रित होगा 'हर घर खुशहाली' की संकल्पना को साकार करते हुए ग़रीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में समग्र उत्थान हेतु समर्पित ऐतिहासिक बजट 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार है।

## राज्य कर्मचारियों व पेंशनर्स ध्यान रखा गया-एनडी कादरी

इस बार राजस्थान बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों व पेंशनर्स का भी ध्यान रखा गया है। इस बार पिछले बजट की बनिस्बत बीकानेर संभाग का भी ध्यान रखा गया है। बीकानेर शहर के लिए रेलवे ऑवर ब्रिज बनाने सड़कों के निर्माण सहित देशनोक सहित जिले के आस-पास के क्षेत्र का भी ध्यान रखा गया है बजट गांव ढाणी आदि का भी ध्यान रखा गया बजट सराहनीय है। लेकिन देखने योग्य बात यह रहेंगी इन पर कितना अमली जामा पहनाया जाता है क्योंकि पिछले बजट की भी लगभग पचास प्रतिशत से भी अधिक घोषणाएं घोषणाऐं ही साबित हुई है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में आरटीआई कार्यकर्ता एन डी कादरी ने दी है।

## बजट से बीकानेर पूर्व विधानसभा में बिछेगा सड़कों का जाल-मोहन सुराणा

आज पेश बजट में बीकानेर पूर्व विधानसभा की सड़को के लिए 5 करोड़ का बजट देने पर भाजपा नेता मोहन सुराणा ने वित्त मंत्री दिया कुमारी ओर विधायक सिद्धि कुमारी का आभार जताया ओर कहा अब बीकानेर पूर्व विधानसभा में सड़को का जाल बिछेगा बीकानेर के साथ आज प्रदेश के ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार ये बजट राजस्थान के विकास के लिए शानदार बजट होगा विकसित राजस्थान के लिए, राजस्थान के संपूर्ण विकास के लिए, राजस्थान की जनता के लिए यह बजट है. समावेशी बजट, बहुत अच्छा बजट होगा।

पर्यावरण प्रेमियों का महापडाव 10 वें दिन भी जारी

# बीकानेर कलेक्टर कार्यालय पर संतों के साथ पर्यावरण प्रेमियों का मौन व्रत



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** खेजड़ी बचाओ अभियान आंदोलन के सभी पर्यावरण प्रेमियों द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट पर जुटकर सभी आंदोलनकारियों ने आधे घन्टे मौन व्रत पर बैठे और मौन रहकर जताया विरोध।

**खेजडी कटाई पर रोक लगाने की है मांग-** सरकार जल्द बनाए पेड़ कटाई को लेकर कानून।इस अवसर पर साधु संतों ने सरकार ओर प्रशासन को प्रेस कॉन्फ्रेंस करअंतिम अल्टीमेट दिया है, उन्होंने साफ साफ शब्दों में बोला है कि सरकार कलेक्टर को पाबंद करे एक भी खेजड़ी नहीं कटनी चाहिए साथ में प्रशासन को चेताया कि इस आंदोलन से जुड़े हुए व्यक्तियों को परेशान ना करे, इस अवसर पर रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि वैसे में आपको बता दूं सरकार इस आंदोलन को तोड़ने का जब कही भी बात नहीं बनी तो अब इस आंदोलन से जुड़े हुए व्यक्तियों की प्रोफाइल खंगाली जा रही है ताकि जुड़े हुए लोगों की कमजोरी मिल जाए कल इस आंदोलन से जुड़े हुए साथ मनोज बिश्नोई को उनके होटल के लिए प्रशासन ने नोटिस जारी किया ओर अब ओर भी लोग जो इस आंदोलन में सहयोग कर रहे है उनको भी डराने के लिए उनकी कमजोरी ढूंढ रहे हैं, आज बुधवार वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार ओर प्रशासन को अच्छी तरह से बोल दिया है की सरकार ने अगर हमारी मांगे नहीं मानी तो आने वाले कुछ ही दिनों में मेला है उस मेले को हम खेजड़ी के नाम पर ही कर देंगे और जितने भी लोग होंगे सभी इस धरने में आएंगे संख्या 10 गुना और बढ़ जाएगी और साथ में यह भी बोला है कि अब हम सब हमारे बिस्तर साथ लेकर आएंगे और यहां से तब तक नहीं उठाएंगे जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मान लेती।

## अल्पसंख्यक समुदाय ने खेजड़ी बचाओ अभियान आंदोलन को दिया अपना समर्थन




**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बुधवार को बीकानेर में अकलियत समुदाय द्वारा जिला कलेक्टर परिसर से पैदल मार्च कर पिछले कई दिनों से चल रहे खेजडी बचाओ अभियान आंदोलन महापड़ाव में पहुँच कर अपना समर्थन पत्र दिया। इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) को भी जल्द से जल्द कड़ा कानून बनाने का मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

वरिष्ठ नेता सलीम भाटी ने कहा कि इस्लाम धर्म मे भी पेडों का काफी महत्व है, हमारी पवित्र ग्रन्थ में भी पेड़ लगाने एंव इसके संरक्षण करने का जिक्र किया गया है। पर्यावरण बचाने का कार्य किसी एक समुदाय का नही अपितु हर इंसान का है।

पूर्व यूआईटी चेयरमेन हाजी मकसूद अहमद ने कहा कि हमारे नबी ने फ़रमाया था कि एक जीवित पेड़ को काटना एक इंसान की हत्या करने जैसा बड़ा पाप है।

प्रदेश सरकार ने पर्यावरण प्रेमियो के विरुद्ध हठधर्मिता अपना रखी है जो इस लोकतंत्र में उचित नही है।

प्रवक्ता फिरोज भाटी ने बताया कि इनके अलावा पूर्व उपमहापौर हारून राठौड़, अब्दुल मजीद खोखर, हाजी शरीफ समेजा एंव एड. शब्बीर अहमद ने भी कहा कि एक पेड़ इंसान, जीव जंतु सहित कीड़े मकोड़ो तक को लाभ पहुचाता है, सत्ता में बैठे लोग अपने बड़े उधोगपतियों को लाभ देने के लिए पर्यावरण को खत्म करने में इनका साथ दे रहे है। ऐसे पेड़ो एंव पर्यावरण को नष्ठ करने वालो के विरोध में हम सब एकजुट है।

आज समर्थन देने वालो में इनके अलावा माशूक अहमद, पूर्व सरपंच सलीम कल्लर, पूर्व पार्षद शहाबुदीन भुटटो, रहमत अली, आजम अली कायमखानी, फिरोज भाटी, दीन मो. मौलानी, अयूब अली ढूढी, रमजान रंगरेज, बाबर कोहरी, पार्षद वसीम अब्बासी, अब्दुल सत्तार कोहरी, ताहिर हसन क़ादरी, जावेद पंवार, नासीर तंवर, हाजिर खान, अहमद अली भाटी, शहजाद अली भुट्टो, अकबर अली, मौसिम भुटटो, एड. मनीष खान, यासीन पड़िहार, सिराजुद्दीन कोहरी, सबीर खान, आफताब कोहरी, एड. महेंदी हसन सम्मा, अली गुर्जर, सलीम सुलेमानी, शौकत अली जुनेजा, लियाकत अली भाटी, साबीर कादरी, एड अकबर जोईया, हुसेन खिलजी, सलीम नागौरी सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग शामिल रहे।

# बजट सिर्फ कागजी पुलिंदा - हाजी मकसूद अहमद

## कांग्रेस नेताओं ने बजट को निराशजनक बताया



**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान के वित् मंत्री दिव्या कुमारी द्वारा डबल इंजन की सरकार का बजट सिर्फ़ दो घंटे पैंतालीस मिनट का बजट सिर्फ़ काग़ज़ी पुलिंदा है इस सरकार ने पिछले बजट में 2718 घोषणाएँ की थी जिसमें से लगभग 30 प्रतिशत घोषणाएँ पूरी हुई है इस बजट में शिक्षा के इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में 21000 हज़ार करोड़ राशि की आवश्यकता थी लेकिन इस बजट मे ऊँट के मुँह में जीरे की बराबर बजट दिया युवा बेरोज़गार किसान आमजन को कोई राहत नहीं व आमजन को महँगाई से कोई राहत नहीं मिली है पिछली सरकार में सो यूनिट बिजली जो फ्री थी उसको भी बंद करने का काम किया है। बड़े उद्योगपतियों का इस बजट में ध्यान रखा गया है लेकिन छोटे उद्योग व व्यापारीयो को नज़रअंदाज़ किया गया है। बीकानेर शहर के सता सिन राजनेताओं की अनदेखी की गई हैं इस बजट में कोई ख़ास नहीं मिला है। कांग्रेस नेता नित्यानंद पारीक ने राजस्थान राज्य बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकास का दस्तावेज नहीं। बल्कि सरकार की विफलता को छिपाने का नया आंकड़ा हे । यह बजट लुभावने जुमलों और झूठी उमीदों का अंबार है । पारीक ने कहा कि बीकानेर की मूल समस्या रेल फाटकों की हे राज्य सरकार ने अपने तीसरे बजट में भी इसके समाधान की दिशा में कोई प्रावधान नहीं होना बीकानेर की जनता के साथ धोखा हे । शहरी शहरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा भी में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए , जब की गर्मी में हालात बेकाबू हो जाते हे । बीकानेर की धूल भरी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत सड़कों का पैच वर्क नई सड़कों का निर्माण कार्य खाली थोथी घोषणा हे। राज्य बजट 2026-27: 'ऊँची दुकान, फीका पकवान' — आम जनता को निराशा के सिवा कुछ नहीं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट 2026-27 को निराशाजनक करार देते हुए कहा है कि यह बजट आम जनता के लिए 'ऊँची दुकान, फीका पकवान' साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकास का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि आंकड़ों का मायाजाल है, जिसमें ज़मीनी सच्चाई से कोई सरोकार नहीं है।

आरिफ ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी ही घोषणाओं को ज़मीन पर उतारने में पूरी तरह विफल रही है। पिछले दो वर्षों में की गई अधिकांश घोषणाएं आज भी काग़ज़ों में ही सिमटी हुई हैं। यह स्थिति सरकार की कार्यशैली, नीयत और प्रतिबद्धता—तीनों पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार का कोई स्पष्ट और ठोस रोडमैप नहीं है। स्थायी नौकरियों और नियमित भर्तियों की घोषणा करने के बजाय केवल संविदा आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देना युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। यह बजट न तो युवाओं को सुरक्षा देता है और न ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोई ठोस दिशा दिखाता है।

आरिफ ने कहा कि बजट में बीकानेर के विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई ठोस और प्रभावी घोषणा नहीं की गई, जिससे जनता में गहरी निराशा है।

# राजस्थान सरकार का लोक कल्याणकारी और दूरदर्शी बजट - ओमप्रकाश सेन



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीजेपी देश्नोक प्रवक्ता ओमप्रकाश सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में व मुख्यमंत्री भजन लाल जी शर्मा के निर्देशन में यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। विशेष रूप से गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित प्रावधान इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान प्रदेश के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करेंगे। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि क्षेत्र में दी गई रियायतें एवं योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगी। वहीं, महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण हेतु घोषित योजनाएं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध होंगी। मेरा विश्वास है कि यह बजट नए राजस्थान के निर्माण की मजबूत नींव रखेगा और विकास की गति को नई दिशा देगा।

सरकार की पहल प्रदेश को प्रगति, समृद्धि और सामाजिक संतुलन की ओर अग्रसर करेगी। मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी और वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि उनके द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में देश्नोक भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सेन दी है।

## स्कूल परिसर में घुसकर बदसलूकी करने का आरोपी हुआ अरेस्ट

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्रीडूंगरगढ़ उपखंड क्षेत्र के गांव लिखमादेसर में शराब के नशे में राउमावि में घुसकर एक बालक से मारपीट करने व स्टाफ के साथ बदसलूकी करने वाले आरोपी को जांच अधिकारी एएसआई महेश कुमार ने गिरफ्तार किया। महेश कुमार ने बताया कि आरोपी को नोटिस दिया परंतु वह नहीं आया और जब पुलिस गांव गई, तो वह मिला नहीं। लगातार पुलिस ने उसकी तलाश की और उसे गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने स्कूल में घुसकर बदतमीजी करने को गंभीरता से लिया और आरोपी को जेल भेज दिया है।

# पंडित दीनदयाल जी एकात्मक मानववाद और अंतोदय के प्रणेता थे - राजकुमार जीनगर

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** 11-2- 2026 को भाजपा अनुसूचित मोर्चा शहर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर सोहनलाल सांवरिया जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सनातन विचारधारा को प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म विचारधारा दी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजकुमार जीनगर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता थे वह एक समर्पित संघ कार्यकर्ता और जनसंघ के



संस्थापक थे। पूर्व मंडल अध्यक्ष जेठमल नाहटा ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा एकात्मक मानव दर्शन के सिद्धांतों को स्थापित रहा जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचने पर जोर देते हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में सोहनलाल चांवरिया जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष खेमेंद्र जीनगर भाजपा नेता राजकुमार जीनगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जेठमल नाहटा, रामचंद्र प्रेमनाथ सुरेंद्र भांभू सुरेंद्रनाथ, हबीब मेहता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तेज रफ्तार कार ने ली बीकानेर रैंज दबंग महिला पुलिस अधिकारी की जान




**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर संभाग श्रीगंगानगर जिले में बुधवार की अल सुबह एक दर्दनाक हादसे में पुरानी आबादी थानाप्रभारी ज्योति नायक की सड़क दुर्घटना में दु:खद मौत हो गई। घटना के समय ज्योति नायक पुलिस कर्मियों के साथ पेट्रोलिंग पर भी। ये हादसा बुधवार प्रात: करीब 4 बजे पायल सिनेमा रोड पर रमेश चौक के समीप हुआ। प्रात जानकारी के अनुसार पुरानी आबादी थानाप्रभारी ज्योति नायक पेट्रोलिंग चैन में सवार होकर किसान चौक से पट्रोलिंग करते हुए दुर्गा मंदिर के समीप रमेश चौक की तरफ आ रही थी। तभी तेज गति से आ रही शिफ्ट गाड़ी पुलिस चैन से टकराई। ड्राइवर के बगल चाली सीट पर बैठी ज्योति

नायक का सिर बुरी तरह दब गया। इसी कारण उनको मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली थानाप्रभारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि हादसे में हरियाणा नम्बर की शिफ्ट कार के चालक को भी चोटें आई है। कार चालक बीकानेर जिले के

खाजूवाला क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिस वैन व कार को कोतवाली थाना लाया गया है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में पुलिस बैन में सवार एक अन्य पुलिस कर्मी को भी चोटें आई है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीआई ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल व अस्पताल पहुंचे गए थे। उधर राजकीय जिला अस्पताल के पीएमजी डॉ. मुखविन्द्र सिंह बराड़ ने बताया कि तड़?के करीब सवा चार बजे उन्हें घटना को जानकारी देते हुए प्रशासन द्वारा जिला अस्पताल पहुंचने का कहा गया था। वे कुछ मिनट बाद ही अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने ज्योति नायक को मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण सिर में चोट के गहरे घाव बहाया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पूर्व मंत्री दुलाराम की दोहिती थी ज्योति नायक दबंग महिला पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान रखने वाली ज्योति नायक पूर्व मंत्री स्व. दुलाराम नायक की दोहिती व रायसिंहनगर के पूर्व विधायक दौलतराज की भांजी थी।

**तेज रफ्तार से हो रहे जानलेवा हादसा-** अभी दो माह पहले एसएसबी रोड पर गति से आ रही लग्जरी गाड़ी के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी, जिसमें स्कूटी सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। सेतिया कॉलोनी मैन रोड पर युवकों ने तेज गति से गाड़ी चलाकर बिजली के खम्भों व वहां खड़ी दो कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया था, परंतु दोनों ही मामलों को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। अब स्वयं पुलिस अधिकारी तेज रफ्तार का शिकार हुई तो लगता है, पुलिस इसे गंभीरता से लेगी।

# बीकानेर में मनोज विश्नोई की होटल सीज नोटिस के विरोध में रैली, बीडीए कार्यालय के बाहर धरना

**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** खेजड़ी बचाओ आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पूर्व पार्षद मनोज विश्नोई की रानी बाजार स्थित होटल को सीज करने के नोटिस के विरोध में समर्थकों ने लिलीपोड से बीडीए कार्यालय तक विरोध रैली निकाली। इसके बाद बीडीए सचिव कार्यालय के बाहर धरने पर बैठकर रोष जताया गया।



विश्नोई का आरोप है कि बीकानेर विकास प्राधिकरण ने नोटिस में पक्ष रखने के लिए मात्र एक दिन का समय दिया है, जो प्रशासन की हठधर्मिता को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जबरन होटल सीज करने की कार्रवाई की गई तो वे परिवार सहित आमरण अनशन पर बैठेंगे।

गौरतलब है कि विश्नोई ने हाल ही में बीकानेर बंद में अहम भूमिका निभाई थी और जयपुर बंद की भी घोषणा की थी। इसी के बाद प्रशासन द्वारा दबाव की कार्रवाई के तहत नोटिस जारी करने का आरोप लगाया जा रहा है। मामले को लेकर शहर में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।वहीं दूसरी ओर खेजड़ी बचाने के लिये चल रहे आन्दोलन में वनप्रेमियों को जबरन परेशान से आक्रोशित संत समाज ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर आन्दोलन को कुचलने के लिये अनैतिक तरीके अपनाएं तो परिणाम भुगतने पड़ेगें। विश्नोई धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में संत सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि सरकार ने आन्दोलन को समाप्त करने के लिये जिस तरह का रास्ता अपना रही है,वो निन्दनीय है। इसके लिये सरकार व जिला प्रशासन समय रहते चेत जाएं। वरना 17 फरवरी को आन्दोलन गली मोहल्लो तक फैल जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से भागीरथ तेतरवाल,पूर्व पार्षद मनोज विश्नोई सहित आन्दोलन को समर्थन दे रहे अनेक अगुवा नेताओं को बेवजह तंग कर उनकी व्यवसायिक गतिविधियों को प्रभावित किया जा रहा है।

उनके प्रतिष्ठानों को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

जो न्यायसंगत नहीं है। संत भागीरथ शास्त्री ने कहा कि इस दफा मुकाम मेले में आव्हान किया जाएगा कि वनप्रेमी मुकाम धाम में धोक लगाकर बीकानेर महापड़ाव में शामिल हो। अगर ऐसा हो गया तो प्रशासन को संभालना मुश्किल होगा।